प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव
रांची संस्करण
मंगलवार 15 अक्टूबर 2024
● वर्ष 03 ● अंक 69
● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया
37 वर्ष 1987-2024

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र



डाक पंजीयन क्र. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021– 23 | E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in | आर.एन.आई. पंजी. क्र. 54135/88

## चुनाव घोषणा के 24 घंटे में भाजपा उम्मीदवारों की सूची करेगी जारी

- 98% सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिये जायेंगे
- जदयू के खाते में जायेगी दो सीट
- आजसू को मिल सकती है 9 से 11 सीटें
- लोजपा से सीट पर बातचीत 16 के बाद

**रांची।** भाजपा झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा जल्द ही कर देगी। चुनाव आयोग जैसे ही झारखंड के लिए तिथि की घोषणा करेगा, उसके 24 घंटे के भीतर भाजपा अपने हिस्से की 98% सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर देगी। यह संकेत असम के मुख्यमंत्री और झारखंड चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने सोमवार को दिया। इससे पहले पूर्व विधायक सुकर रविदास और उनकी पुत्री तथा कांग्रेस की नेत्री रही डॉ मंजू देवी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और असम के सीएम सह प्रदेश भाजपा के विधानसभा सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने दोनों का पार्टी में स्वागत किया। मौके पर हिमंता ने कहा कि सालों पहले पार्टी छोड़ कर गये लोगों का तन, मन भाजपा के साथ ही बना रहा। आगे बढ़ते समय राह में और भी नये साथी मिल रहे हैं।

**एनडीए गठबंधन मजबूती से चुनाव लड़ेगा:** हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में एनडीए गठबंधन अपने सहयोगियों के साथ पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगा। आजसू पार्टी के साथ बस एक सीट के लिए बात फाइनल होनी बाकी है। संभव है कि उसे 11 या फिर 9 सीट मिले। इसके अलावा जदयू को दो सीट मिल सकती है। वैसे केंद्रीय नेतृत्व और कुछ करे तो अलग बात है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोजपा के लिए सीटों पर बातचीत जल्द तय होगी। वे अभी विदेश में हैं और 16 अक्टूबर को लौटने पर यह सब हो जायेगा। हिमंता ने यह भी बताया कि चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई है। भाजपा अपने कैंडिडेट की घोषणा जल्द ही कर देगी। चुनाव आयोग जैसे ही झारखंड के लिए आज या कल, जब भी इलेक्शन का डेट एनाउंस करेगा, उसके 24 से 28 घंटे के भीतर भाजपा अपने हिस्से की 98% सीटों के लिए कैंडिडेट का नाम घोषित कर देगी। चंदनक्यारी सीट के एक सवाल पर हिमंता ने साफ कहा कि यह सीट भाजपा के हिस्से की ही रहेगी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सुकर रविदास, आरती कुजूर सहित अन्य भी उपस्थित थे।



### बकाया पर सरकार अपना एकाउंट दिखाये

हेमंत सोरेन सरकार द्वारा एक लाख 36 हजार करोड़ केंद्र पर झारखंड के बकाया होने के सवाल पर हिमंता ने कहा कि वे इसे सुप्रीम कोर्ट को समझायें। राज्य में कोयला, बालू की चोरी हो रही है। इसका पैसा कहां जा रहा। सरकार अपना एकाउंट दिखाये। झारखंड में दुर्गा पूजा के आयोजन, प्रतिमा विसर्जन पर विवाद के सवाल पर कहा कि असम में 40% आबादी मुस्लिमों की है। सरकार ने वहां ऐसी व्यवस्था कर रखी है कि वे सभी त्योहारों का सम्मान करते हैं। यहां भाजपा की सरकार बनने पर एक साल के अंदर ही सभी मुस्लिम रामनवमी, दशहरा में भाईचारा निभाते दिखेंगे। इसका फॉर्मूला पार्टी को पता है।

### चुनाव प्रबंधन समिति की हुई बैठक

इससे पूर्व सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता एवं केंद्रीय मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री एवं चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा की उपस्थिति में प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई।

## बजा चुनावी बिगुल... महाराष्ट्र-झारखंड की तारीखों का आज होगा ऐलान, 3.30 बजे EC की PC

रांची।

भारतीय निर्वाचन आयोग आज महाराष्ट्र और झारखंड का चुनावी तारीखों का ऐलान करेगा। इसी के साथ दोनों राज्यों में चुनावी बिगुल बज जाएगा। दोपहर करीब 3.30 बजे ईसी की प्रेस कॉन्फ्रेस है। निर्वाचन आयोग ने पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी। ईसी के पत्र के मुताबिक आयोग राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में दोपहर 3.30 बजे प्रेस कांफ्रेंस होगी, जिसमें चुनाव और मतगणना की तारीखों का ऐलान होगा। महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों और झारखंड में 81 सीटों पर मतदान होना है।




### यूपी की 10 विधानसभा सीटों पर आज उपचुनाव का एलान संभव, चुनाव आयोग करेगा प्रेस कॉन्फ्रेंस

**यूपी ।** यूपी उपचुनाव को लेकर आज चुनाव आयोग तारीखों का एलान कर सकता है। उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। जिसको लेकर संभावना है कि दोपहर साढ़े तीन बजे के बाद चुनाव आयोग प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा और महाराष्ट्र-झारखंड विधानसभा की चुनावी तारीखों के साथ उपचुनाव का कार्यक्रम भी जारी करेगा।

चुनाव आयोग आज यानी मंगलवार को एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। दोपहर साढ़े तीन बजे होने वाली इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो सकता है। इसके साथ ही यूपी उपचुनाव का कार्यक्रम भी जारी होगा।

## मंईयां सम्मान योजना की राशि 2500 करने पर कैबिनेट की मुहर

### दिसंबर महीने की किस्त से बढ़ी हुई राशि मिलेगी

**रांची।** राज्य सरकार ने मंईयां सम्मान योजना की राशि बढ़ा दी है। दिसंबर महीने की किस्त से 1000 की जगह 2500 रुपये लाभुकों के खाते में जायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी।

इसके अलावा नेतरहाट की तर्ज पर बोकारो में आवासीय विद्यालय बनाने, वाल्मिकी छात्र योजना लागू करने समेत कुल 28 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

**56 लाख लाभुकों को मिलेगा लाभ:** मंईयां सम्मान योजना के तहत सरकार अभी 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र की महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह दे रही है। इस योजना का लाभ 56 लाख लाभुकों को मिलेगा। अभी तक 48 लाख से अधिक महिलाओं इसका लाभ उठा रही हैं। सरकार तीन किस्त दे चुकी है। कैबिनेट के फैसले के अनुसार पांचवीं किस्त यानी दिसंबर से 2500 रुपये दिये जायेंगे।

**महाविद्यालय और पॉलीटेक्निक खोलने की मंजूरी:** कैबिनेट ने महागामा, बहरागोड़ा में महिला महाविद्यालय खोलने, पोटका में राजकीय पॉलीटेक्निक बनाने समेत शिक्षा से जुड़ी कई अन्य योजनाओं को मंजूरी दी। वहीं, अन्यान्य में असम के चाय बागान में ले जाये गये राज्य के 15 लाख झारखंडी आदिवासियों के लिए झारखंड सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के गठन का प्रस्ताव पारित किया। प्रतिनिधिमंडल आदिवासी कल्याण मंत्री की अगुवाई में असम जायेगा।







### इन प्रस्तावों को मिली मंजूरी

- नेतरहाट के विकास कार्यों हेतु 43 करोड़ की मंजूरी
- नेतरहाट की तर्ज पर बोकारो में बनेगा आवासीय विद्यालय
- ज्ञानोदय योजना के तहत आठ जिलों में विज्ञान प्रयोगशाला का होगा निर्माण
- वाल्मिकी छात्र योजना होगी राज्य में लागू
- पारा शिक्षकों, सहायक अध्यापक सहित अन्य कर्मचारियों को मिलेगी कर्मचारी भविष्य निधि की सुविधा
- गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना की नियमावली में संशोधन
- महागामा के ठाकुर गगंती में डिग्री महाविद्यालय का होगा निर्माण
- बहरागोड़ा में महिला महाविद्यालय खुलेगा
- रिनपास निदेशक नियुक्ति और सेवाशर्त नियमावली में संशोधन
- पोटका में बनेगा राजकीय पॉलीटेक्निक
- रांची विश्वविद्यालय एवं अंगीभूत कॉलेजों में नेट उत्तीर्ण शिक्षकों को कक्षा आधारित नियुक्त करने के संबंध में स्वीकृति।
- राजकीय अभियंत्रण कॉलेज जमशेदपुर के प्रशासनिक भवन निर्माण हेतू 214 करोड़ की स्वीकृति।

### सरकार घोषणा पर नहीं, काम पर विश्वास करती है : हेमंत सोरेन

रांची (आजाद सिपाही)। कैबिनेट की बैठक समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडिया से बातचीत में उनकी सरकार घोषणाओं पर विश्वास नहीं करती। काम करने और फैसला लेने पर विश्वास करती है। यही कारण है कि मंईयां सम्मान योजना की राशि को 1000 रुपये से बढ़ा कर 2500 रुपये करने का फैसला लिया गया है। भाजपा की ओर से सत्ता में वापसी को लेकर किये जा रहे दावे पर हेमंत सोरेन ने कहा कि अब राज्य में विपक्ष का ख्याली पुलाव पकने वाला नहीं है।

## सीएम हेमंत सोरेन ने 498 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, ईडी की छापेमारी पर साधा बीजेपी पर निशाना

रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को 498 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। ये नियुक्तियां अनुबंध के आधार पर की गई हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर और अन्य लोगों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी पर बीजेपी पर निशाना साधा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के 'प्रोजेक्ट बिल्डिंग' में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है जब 498 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी स्वास्थ्य सेवा को और अधिक गुणवत्ता प्रदान करेंगे।



पत्रकारों से बातचीत में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आज जो नियुक्ति पत्र बांटा गया, यह बहुत पहले हो जाना चाहिए था, लेकिन यह जिम्मा उनके पास आया, इसलिए कर रहे हैं, ताकि स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि यह सभागार अनवरत नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का गवाह बन रहा हैं।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर और अन्य लोगों के ठिकाने पर ईडी की छापेमारी पर हेमंत सोरेन ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह छापेमारी की कहानी अप्रत्याशित नहीं है, क्योंकि अब चुनाव का वक्त है, विपक्ष के मुख्य सक्रिय कार्यकर्ता अपने काम में लग गए हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य अधिकारी के तौर पर नियुक्त किए गए पांच कर्मियों - अनिता महतो, अंकिता उपाध्याय, संतोषी रजक, सिलवंती सोरेन और मोहम्मद रबीउल इस्लाम को प्रतीकात्मक नियुक्ति पत्र सौंपे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने डिजिटल माध्यम से मुंबई में झारखंड भवन की आधारशिला रखी। झारखंड भवन का निर्माण नवी मुंबई में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) पर निर्भर क्षेत्र के लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 230/33 किलोवाट क्षमता के पकरी-बरवाडीह सबस्टेशन की आधारशिला भी रखी

### अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार का ऐलान, तीन लोगों को मिलेगा सम्मान

रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने साल 2024 के लिए अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार का ऐलान कर दिया है. डारोन एसेमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए रॉबिन्सन को साल 2024 के लिए अर्थशास्त्र क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. इन तीनों अर्थशास्त्रियों को कोई भी संस्थान कैसे बनते हैं और वह कैसे समृद्धि को प्रभावित करते हैं के स्टडी के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. पिछले साल हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर क्लाउडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र में 2023 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था.

## मंत्री मिथिलेश ठाकुर के निजी सचिव समेत 23 जगहों पर इडी छापा

### जल जीवन मिशन में अनियमितता मामला

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय- इडी ने सोमवार को सुबह रांची, चाईबासा समेत झारखंड के 23 ठिकानों पर छापा मारा। राज्य सरकार में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई विनय ठाकुर, निजी सचिव हरेंद्र सिंह समेत विभाग के कई इंजीनियर्स, आइएएस मनीष रंजन और उनके हरिहर सिंह रोड स्थित एक फ्लैट में रह रहे मनीष रंजन की बहन के यहां भी छापा मारा। इसके आलावा कई अन्य लोगों के यहां इडी ने छापेमारी की। चाईबासा में मंत्री के अमला टोला स्थित आवास, चाईबासा में मधु बाजार निवासी वेदांत खिरवाल नामक कारोबारी के आवास, रांची इंद्रपुरी में कारोबारी विजय अग्रवाल के घर पर छापेमारी की गयी। देर शाम तक चली इस छापेमारी में इडी को कई दस्तावेज मिले हैं, जिसकी जांच की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंत्री के भाई और आइएएस मनीष रंजन के ठिकानों से 50 लाख नकद मिलने की सूचना है।

### मंत्री के भाई विनय ठाकुर और आइएएस मनीष रंजन के ठिकानों से करीब 50 लाख कैश मिलने की सूचना



### इनके यहां हुई रेड

- हरेंद्र कुमार : 56 सेट डोरंडा, क्वार्टर नंबर 118/24
- विनय कुमार ठाकुर मंत्री का भाई अमला टोला, चाईबासा
- आईएएस मनीष रंजन : जवाहरनगर, कांके रोड रांची और उनकी बहन के आवास हरिहर सिंह रोड स्थित शिवेश्वरी इंक्लेव बी
- निरंजन कुमार क्षेत्रीय मुख्य अभियंता बंसल प्लाजा, ओल्ड एचबी रोड और रातू रोड सरकारी आवास
- प्रभात कुमार सिंह मुख्य अभियंता सीडीओ, हरमू हाऊसिंग कॉलोनी
- चंद्रशेखर, कार्यपालक अभियंता चंद्रकला अपार्टमेंट, हेसाग
- राधेश्याम रवि कार्यपालक अभियंता सुंडिल कमड़े, रातू
- रघुनंदन प्रसाद शर्मा पूर्व मुख्य अभियंता विजया गार्डेन बारिडीह कॉलोनी, जमशेदपुर
- विजय अग्रवाल, रातू रोड रांची
- संतोष कुमार निलंबित रोकड़पाल, अपर चुटिया, रांची
- मनोज कुमार ग्रीन व्यू हाईट्स डी-1002, लालू खटाल रोड, बरियातू
- संजय कुमार सिंह बोधराज इंक्लेव, फ्लैट नंबर ई- 1 अनंतपुर डोरंडा रांची
- सुनील कुमार सिन्हा, सार्थक रिजेंसी, पीस रोड लालपुर
- मानस कुमार खेमका रिजेंसी, कांके रोड
- विभोर सिंघानिया कंचन विला अपार्टमेंट कांके रोड
- वेदांत खिरवाल सदर बाजार चाईबासा

**विपक्ष की है गहरी चाल : सीएम**
सीएम हेमंत ने कहा कि छापेमारी अप्रत्याशित नहीं है। विपक्ष के साथी को चुनाव के वक्त यह सब फिर नजर आने लगे हैं और यह कार्रवाई उनके इशारे पर ही की जा रही है।

**हम घबराने वाले नहीं : बन्ना गुप्ता**
ईडी की कार्रवाई पर बन्ना गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से राज्य सरकार के विरुद्ध साजिश रची जाती रही है उससे हम घबराने वाले नहीं हैं।

**यह राजनीतिक रेड : मिथिलेश**
मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि यह ईडी की रेड नहीं है, बल्कि यह राजनीतिक रेड है। ईडी केंद्र सरकार के इशारों पर न नाचे।

### हजारीबाग में पीएम ने किया था इशारा

दो अक्टूबर को हजारीबाग में एक जनसभा के दौरान पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा था कि केंद्र सरकार की योजनाओं में भी प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार करने से पीछे नहीं है। उन्होंने कहा था कि झारखंड में जल जीवन मिशन में भी भ्रष्टाचार हो रहा है। पीएम मोदी ने उसी दिन इशारा किया था कि यह खेल अब ज्यादा दिन चलने वाला नहीं है। हर लूट का हिसाब होगा। उनकी घोषणा के 13वें दिन इडी ने छापेमारी की।

श्रमबिन्दु

न्यूज़ अपडेट

## रतन टाटा के निधन पर करीम सिटी कॉलेज में शोक सभा आयोजित

**जमशेदपुर।** करीम सिटी कॉलेज, साकची के ऑडिटोरियम में टाटा समूह के अध्यक्ष रहे रतन टाटा के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। इस सभा में तीनों संख्याओं के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी शामिल हुए। सभा में महान रतन टाटा के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया तथा उनके लिए दुआएं की गईं। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने सभा को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी कि रतन टाटा का निधन विगत 9 अक्टूबर 2024 को मुंबई में हुआ।वे उस समय उनकी यू 86 वर्ष थी। वे एक कामयाब उद्योगपति के साथ-साथ एक महान व्यक्ति भी थे। वे दूर दृष्टिता तथा लंबे समय के अनुभव के मालिक थे। उन्होंने अपनी काबिलियत से टाटा समूह को ऊंचाइयों तक पहुंचाया और पूरी दुनिया में लोकप्रियता भी हासिल की। ऐसे महान व्यक्ति के निधन पर हमें गहरा सदमा पहुंचा है।इस अवसर पर हम उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ कर रहे हैं और आशा करते हैं की टाटा ट्रस्ट के नए अध्यक्ष श्री नोएल टाटा के निर्देशन में कामयाबी की नई मंजिलें हासिल होगी।


## शांतिपूर्ण प्रतिमा विसर्जन के लिए केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति नें दी बधाई

**चाईबासा।** शारदीय दुर्गा पूजा का प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हुआ । भक्तों ने मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। रविवार रात को चाईबासा शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के पंडालों व मंदिरों में बैठाई गई माँ दुर्गा की प्रतिमा को निर्धारित विसर्जन स्थल नदी व तालाबों में विसर्जित कर दिया गया । पूजा के पूर्व से विसर्जन तक केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति , चाईबासा के पदाधिकारी लगातार जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर विभिन्न पूजा समितियों एवं प्रशासन के मध्य एक सेतु का कार्य किया है । परिणाम स्वरुप चाईबासा मे न डीजे को लें कर विवाद हुआ और ना हीं पूजा के दौरान किसी पर 107 का केस हुआ। रविवार देर रात प्रतिमा विसर्जन जुलूस तथा विसर्जन स्थल पर समिति के संरक्षक राजीव नयनम्, अध्यक्ष नितिन प्रकाश , उपाध्यक्ष त्रिशानु राय , चंदन पांडेय , महासचिव आनंद प्रियदर्शी तन्मयता के साथ डटे रहे ।

केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष नितिन प्रकाश ने कहा कि मां दुर्गा की कृपा से शांति और सदभावना के माहौल मे हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा का त्यौहार सम्पन्न हुआ है । शहर की सभी 22 पूजा समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य पदाधिकारी और सदस्य इसके लिए बधाई के पात्र है।आप सभी नें केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के साथ जिस तालमेल और समन्वय बना कर कार्य किया उससे ही यह सम्भव हो पाया। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्यों नें बखूबी अपनी जिम्मेवारी का निर्वाहन किया, उन्हें भी बधाई। पूजा कार्य मे लगे जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सभी अधिकारियों तथा कर्मियों को भी इसके लिए बहुत बहुत बधाई और आभार । पूजा के दौरान हम सबने जिस तरह से आपसी सहमति और समन्वय बना कर कार्य किया, इसे आगे भी बरकरार रखना है।

प्रतिमा विसर्जन के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बहामन टूटी , अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार , नगर परिषद प्रशासक संतोषी मुर्मू , प्रखंड विकास पदाधिकारी अमिताभ भगत , थाना प्रभारी तरुण कुमार , रंजीत उरांव , इंस्पेक्टर दिलीप कुमार आदि मौजूद थे ।

## जोबा माझी समेत स्वजनों ने पुण्यतिथि पर देवेंद्र माझी को दी श्रद्धांजलि



**चक्रधरपुर ।** जल, जंगल, जमीन आंदोलन के प्रणेता देवेंद्र माझी के बलिदान दिवस पर सोमवार को स्वजनों समेत समर्थकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। चक्रधरपुर के पंप रोड स्थित सांसद जोबा माझी के आवास में समाधि स्थल पर जोबा माझी के अलावा पुत्र जगत माझी, उदय माझी, अर्जुन माझी, प्रदीप अग्रवाल, लखीराम हेम्ब्रम, टीपी सोरेन, अमृत माझी, दीपक माझी, राजेश शर्मा पुत्रवधू समेत समर्थकों ने समाधि स्थल पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित की। आवास में श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सांसद जोबा माझी समर्थकों के साथ गोइलकेरा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाग लेने रवाना हुई।

## टोयोटा ने पेश किया अर्बन क्रूजर हाइराडर का 'फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन'




**जमशेदपुर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अर्बन क्रूजर हाइराडर के 'फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन' पेश की। इसमें एक्सक्लूसिव टोयोटा जे नुइन एक्सेसरीज (टीजीए) पैकेज शामिल है। अर्बन क्रूजर हाइराडर लाइन-अप में यह नवीनतम उत्पाद 13 विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए टीजीए के साथ आता है, जो गतिशील और प्रीमियम ड्राइविंग अनुभव को और बेहतर बनाता है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट सबरी मनोहर ने कहा 2022 में लॉन्च होने के बाद से ही अर्बन क्रूजर हाइडर टिकाऊ गतिशीलता प्रदान करने के लिए टीकेएम की प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा है और इसने उच्च ग्राहक संतुष्टि के साथ अपार लोकप्रियता हासिल की है। बढ़ती मांग और सकारात्मक स्वागत ने हमें अपनी पेशकशों को लगातार बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। इसमें बाहरी क्रोम और सजावटी सहायक उपकरणःमडफ्लैप, डोर वाइजर (एसएसइंसर्ट के साथ प्रीमियम), फ्रंट और रियर बम्पर गार्निश, हेड लैंप गार्निश, हुड प्रतीक, बॉडी क्लैडिंग, फेंडर गार्निश, रियर डोर लिड गार्निश और डोर क्रोम हैंडल

- इंटीरियर प्रीमियम और उन्नत सहायक उपकरण :सभी मौसम के लिए 3डी फ्लोर मैट, लेगरूम लैंप और एक डिजिटल वीडियोरिकॉर्डर 2022 में अपनी शुरुआत के बाद से, अर्बन क्रूजर हाइराडर ने अपनी अत्याधुनिक तकनीक, गतिशील प्रदर्शन और श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ईंधन दक्षता के साथ देशभर के उपभोक्ताओं के दिलों में एक खास जगह बनाई है।

# मंत्री बन्ना गुप्ता ने 28 करोड़ की कई योजनाओं का किया शुभारंभ

**जमशेदपुर।**



स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने पथ निर्माण विभाग अंतर्गत 26.5 करोड़ रुपए की मानगो केदार बागान में संकोसाई रोड नंबर 5 से गुडरूबासा डिमना बस्ती,हयात बस्ती रोड बालीगुमा बागान क्षेत्र से जे.वी.महतो होम रोड,संकोसाई रोड नंबर 05 पुल के पास से केदार बागान रोड,यशु भवन (ओल्ड पुरुलिया रोड पर) से अलीबाग कॉलोनी रोड ,मानगो-पारडीह रोड नंबर 2 से रोड नंबर 07 मदीना मस्जिद रोड तक, मानगो डिमना रोड से राजेंद्रनगर रोड, मानगो पारड-ीह रोड से एकरा बस्ती हलधर महतो कॉलोनी, मानगो मैंन रोड से गुरुद्वारा रोड नजरिया मज़ार लाइन रोड,पोस्ट ऑफिस रोड लूथी टावर से ग्रीन फील्ड कॉलोनी, पोस्ट ऑफिस रोड से वास्तु विहार होते हुए वैकुंठ नगर, मानगो बाजार टैंक रोड से पायल टॉकीज उलीडीह रोड, एनएच 33 मंगल कॉलोनी से एनएच 33 शांति विहार, बालिगुमा एनएच 33 से न्यू ग्रीन सिटी होते हुए खड़िया बस्ती गंगा विहार में कालीकृत सड़क निर्माण साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनान्तगर्त पूर्वी सिंहभूम जिला के मानगो डिमना आदर्श नगर से गोकुलनगर के बीच जगन्नाथ महतो के घर के पास नाला पर पुल, नगर विकास विभाग अंतर्गत 22 लाख रुपए से कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक न. 3 एवं कदमा रामजन्म नगर में छठ घाट निर्माण, नगर विकास विभाग अंतर्गत 1.26 करोड़ रुपए से जोगर्स पार्क नियर शहीद निर्मल सेवा सदन शास्त्रीनगर ब्लॉक नं. 3 का सौदर्याकरण होर्टिकल्चर लैंड स्केपिंग के साथ चहारदिवारी मजबूतीकरण कार्य हेतु विधिवत पूजा अर्चना नारियल फोड़ विभिन्न योजनाओं के कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि विकास का कार्य ना रुका था ना रुकेगा.मैं व्यक्तिगत रूप से अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मोहल्ले एवं सोसायटी का निरीक्षण करते हुए लोगों से मिलता भी हूं और ऑन स्पॉट समस्या को सुनकर समाधान करने का प्रयास करता हूं। उन्होंने कहा कि आज कई योजनाओं के कार्य का शुभारंभ किया हूं ताकि क्षेत्र में विकास की गंगा अनवरत बहती रहे। इस दौरान प्रभात ठाकुर, बबुआ झा, सुभाष बोस, रूपेश कुमार, अमित प्रसाद, सोंटी रजक, चिराग सिंह, जितेंद्र सिंह, राजकुमार दास ,राजेश रजक, राजू दास, अभिषेक मोहंती, अशोक सिंह, नीतीश पोद्दार, मुकेश गुप्ता, नीतीश मित्तल, राकेश दास, सुरेंद्र गुप्ता, अखिलेश सिंह, जीतू ,दुर्गा सिंह, पप्पू सिंह उज्जैन, जयंत, सुबोध पाल, सोनू उपाध्याय, उत्तम मंडल, माजिद अख्तर, छोटू, सहित समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ बहुत से कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## काशीडीह दुर्गा पूजा उपद्रव पर अभय सिंह का मंत्री बन्ना गुप्ता पर राजनीतिक षड्यंत्र रचने का आरोप

**जमशेदपुर।**




भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अभय सिंह ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से काशीडीह दुर्गा पूजा में हुए उपद्रव पर अपनी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने आरोप लगाया कि गोलगप्पा विक्रेता धर्मेंद्र और पिंटू दास पर हुए हमले के पीछे राज्य के मंत्री बन्ना गुप्ता का हाथ है। अभय सिंह ने कहा कि चुनाव नजदीक आने के साथ ही मंत्री बन्ना गुप्ता भयभीत होकर उनकी और उनके परिवार की लोकप्रियता को खत्म करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री ने जानबूझकर उनके परिवार के तीनों भाई, भतीजों और भांजे के खिलाफ झूठे केस दर्ज करवाए हैं। सिंह ने सवाल उठाया कि अगर धर्मेंद्र को गंभीर चोट लगी थी, तो उसे सरकारी अस्पताल के बजाय प्राइवेट अस्पताल में क्यों भर्ती किया गया? साथ ही गोलगप्पा विक्रेता और पिंटू दास को टाटा मेन हॉस्पिटल में क्यों नहीं भेजा गया? उन्होंने इस घटना को मंत्री द्वारा रचा गया एक ष्ड्रामाष करार दिया और जिला प्रशासन से मेडिकल बोर्ड का गठन कर धर्मेंद्र की चोटों की जांच की मांग की। अभय सिंह ने प्रशासन पर भी आरोप लगाया कि वह मंत्री बन्ना गुप्ता के दबाव में काम कर रहा है, जैसा कि पहले रामनवमी के झंडे के मुद्दे पर हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रशासन उन्हें झूठे केस में फंसाने की कोशिश कर रहा है ताकि उनकी लोकप्रियता खत्म की जा सके। अभय सिंह ने वीडियो फुटेज की जांच की मांग करते हुए कहा कि अगर इसमें उनके या उनके समर्थकों को हथियार लेकर देखा जाता है, तो वे तुरंत जेल जाने को तैयार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि दुर्गा पूजा में अगर किसी ने कानून तोड़ा, तो इसका कड़ा विरोध किया जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा, प्रदेश महामंत्री हालदार नारायण शाह, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह, महासभा के अध्यक्ष जितेंद्र यादव, जिला मंत्री पप्पू सिंह, और अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।

## विधायक सोनाराम सिंकु द्वारा 15 योजनाओं का किया गया शिलान्यास



**जगन्नाथपुर ।** रविवार को मनोहरपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायत में विधायक सोनाराम सिंकु द्वारा शिलान्यास किया गया। (1) ग्राम बरंगा में दीपक महतो घर से आम बागान तक पी०सी०सी० पथ का शिलान्यास । डी एम एफ टी मद से।

(2) डुमेरता में विधायक निधि से 500 फीट पी०सी०सी० पथ का शिलान्यास।

(3) प्रधानपाली में विधायक निधि से 500 फीट पी०सी०सी० पथ का शिलान्यास।

(4) कुम्हार मुंडा में धूमकुंडियाया भवन का शिलान्यास।

(5) कुम्हार मुंडा में विधायक निधि से 500 फीट पी०सी०सी० पथ का शिलान्यास।

(6) कोलपोटका मुंडा टोली में डीप बोरिंग का शिलान्यास।

(7) सिरका में धूमकुंडिया भवन का शिलान्यास एवं चहारदीवारी का शिलान्यास।

(8) बीजाटोली में डीप बोरिंग का शिलान्यास।

(9) बीजाटोली मुख्य पथ से शिव मंदिर तक 350 फीट पी० सी०सी० पथ का शिलान्यास।

(10) कुर्थाबेडा में विधायक निधि से 500 फीट पी०सी०सी० पथ का शिलान्यास।

(11) सतपोटका में विधायक निधि से 500 फीट पी०सी०सी० पथ का शिलान्यास।

(12) रेंगालबेड़ा फीट पी०सी०सी० पथ का शिलान्यास।

(13) काशीजोड़ा सरना स्थल का चारदीवारी का शिलान्यास।

(14) उरकिया में विधायक निधि से 500 फीट पी०सी०सी० पथ का शिलान्यास।

(15) बरंगा में डीप बोरिंग का शिलान्यास। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष सीताराम गोप, मंडल अध्यक्ष तीला तिर्की, जिला परिषद जय प्रकाश महतो, सुभाष तांती, सोनू कुम्हार,सरोज महतो, धनेश्वर महतो, गोनो चंपिया, पाहन मंगरा कुजूर, विशु कुजूर, महादेव तिग्गा, कुलदीप कांडुलना, सोमा लुगुन, सलीम लुगुन, विजय तिग्गा अजित तिर्की आदि सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## शांति पूर्वक दुर्गा पूजा संपन्न होने पर सेंट्रल समिति ने दी जिला प्रशासन को बधाई

**जमशेदपुर।**

सोमवार को पूर्वाहन 9.30 बजे से जमशेदपुर के भुईयांडीह स्थित आवासीय कार्यालय में पूर्वी सिंहभूम सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री झारखंड दुलाल भूईयां की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की आवशयक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पूजा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श हुआ। इसके उपरांत जिला प्रशासन के द्वारा सफलतापूर्वक शारदीय दुर्गा पूजा की शुरुआती तैयारी से लेकर विसर्जन तक की अपार सफलता को देखते हुए, जिला के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक शहर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को विशेष रूप से बधाई दिया है। इसके अलावा जिला में अवस्थित प्रतिष्ठित औद्योगिक समूहों, जुस्को नगर सेवा, अधिसूचित क्षेत्र समिति जमशेदपुर मानगो, जिला में अवस्थित विभिन्न नगर पालिका, सिविल डिफेंस, जिला स्वास्थ्य सेवा, अग्निशमन सेवा, स्वच्छता विभाग एनडीआरएफ की टीम, गोताखोर टीम, जिला के सभी सार्वजनिक दुर्गा पूजा समितियों को सहयोग के लिए एवं अन्य समाजसेवी संगठनों को जिन्होंने दुर्गा पूजा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग दिया सभी को विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए बधाई दिया है। मौके पर समिति के महासचिव ललन यादव, कार्यकारी अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य खागन चंद्र महतो, वरीय उपाध्यक्ष बलदेव सिंह नेहरा, विजय यादव, राकेश साहू, सुरेंद्र कुमार शर्मा, हर्ष यादव, मन्नू मंडल, निमाई मंडल, जसपाल सिंह, तापस चटर्जी, झरना पाल, सविता दास, वीरेंद्र सिंह, अधिवक्ता विनीत मिश्रा, कार्यालय सचिव कमल यादव, महासचिव ललन यादव संयुक्त सचिव एसके शर्मा आदि उपस्थित थे।

## न्युवोको कॉंक्रीटो यूनो की 'पूजो नंबर 1' पहल का समापन

**जमशेदपुर।**

न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह, ने अपनी 'पूजो नंबर 1' पहल का जमशेदपुर में समापन किया। यह पहल पूजा समितियों के बीच रचनात्मकता, पर्यावरण जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। न्युवोको के प्रवक्ता ने बताया कि इस पहल का लक्ष्य स्थिरता और सामाजिक प्रभाव के महत्व को उजागर करते हुए सांस्कृतिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। 'पूजो नंबर 1' एक अग्रणी कदम है, जो समाज और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार प्रथाओं के प्रति न्युवोको की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रतियोगिता में पंडालों को पाँच प्रमुख मापदंडों- माँ दुर्गा की मूर्ति में रचनात्मकता, अभिनव पंडाल डिज़ाइन, प्रकाश व्यवस्था, पर्यावरण चेतना और सामाजिक प्रासंगिकता पर आंका गया। यह आयोजन बंगाल और झारखंड के विभिन्न जिलों में पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देते हुए दुर्गा पूजा का जश्न मनाने के लिए किया गया था।



## भाजपा सत्ता में आयी तो फिर से स्कूल बंद और बिजली बिल महंगा कर देगी : दीपक बिरुवा

- **देवेंद्र माझी के आंदोलन और संघर्ष के कारण हमारी अस्तित्व बची हुई हैं: रामदास सोरेन**
- **गोइलकेरा में आयोजित देवेंद्र माझी के शहादत दिवस पर सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि**






**संवाददाता।**

गोइलकेरा : सारंडा-कोल्हान में जल, जंगल और जमीन आंदोलन के अगुवा रहे देवेंद्र माझी में पहुंचे सूबे के आदिवासी कल्याण एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा भाजपा अगर फिर सत्ता में आयी तो स्कूलों को बंद करने के साथ बिजली बिल महंगा कर देगी। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य में विकास की कई योजनाएं शुरू की जिससे छात्र, किसान, गरीब और महिलाएं सभी वर्ग लाभान्वित हो रहे हैं। मंत्री ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मांगों को दोहराते हुए केंद्र सरकार से बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये लौटने की मांग की। कहा कि केंद्र सरकार ये पैसा लौटा देती हैं तो राज्य और तेज गति से विकास के पथ पर दौड़ने लगेगा। देवेंद्र माझी को गरीबों का सच्चा मसीहा बताते हुए कहा हमारी जिम्मेदारी है कि उनके विचारों को आगे बढ़ाये। वहीं जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन ने कहा देवेंद्र माझी के आंदोलन और संघर्ष के कारण हमारी अस्तित्व बची हुई हैं। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा 18 साल के शासन में भाजपा ने आदिवासी अधिकारों को कमजोर करने का काम किया। कहा कि रघुवर दास का शासन नहीं कुशासन था। उन्होंने केंद्र सरकार से बकाया राशि की मांग करते हुए कहा अगर सरकार राशि लौटा देती हैं तो हम राज्य से पलायन को रोक देंगे। उन्होंने आने वाले चुनाव में फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनाने की अपील की। इससे पूर्व दोनों मंत्रियों ने गोइलकेरा बाजार स्थित शक्ति स्थल पर देवेंद्र माझी को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा, बामिया माझी, गुरुचरण हांसदा, मानीहंस मुंडा, मरियम चेरेवा, कालिया जामुदा आदि लोगों ने संबोधित किया। श्रद्धांजलि सभा में जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन, कालीपद सोरेन, प्रदीप अग्रवाल, गणेश बोदरा, अकबर खान, सोमवारी बहन्दा, विजय सिंह सामाड, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

- **देवेंद्र माझी के बलिदान से मिला वन पट्टा का अधिकार : जोबा माझी**

दिवंगत पति देवेंद्र माझी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सभा को सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा देवेंद्र माझी ने कोल्हान-सारंडा में जो संघर्ष और आंदोलन चलाया था उसी का परिणाम है कि वन अधिकार कानून पारित किया गया। सांसद ने कहा माझी साहब के सपनों को पूरा करने के लिए लगातार वह संघर्षरत हैं। कानून बनाने के बाद सबसे पहले वर्ष 2008 में गोइलकेरा के सुदूर टाटीबेड़ा गांव में वनाधिकार का पट्टा का वितरण किया था। कहा कि देवेंद्र माझी के विचारों और सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं करेगी। मौके पर उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए फिर से सरकार बनाने की अपील की।

- **जंगलों में रहने वाले लोगों को अपना परिवार समझते थे पिताजी : जगत माझी**

राजनीति में पदार्पण के बाद पहली बार बड़े मंच पर बोलते हुए स्व. देवेंद्र माझी और सांसद जोबा माझी के बड़े पुत्र जगत माझी ने कहा जंगल में रहने वाले लोगों को उनके पिता परिवार की तरह मानते थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन आप लोगों को अधिकार और मान सम्मान दिलाने में गुजार दी। कहा कि जब उनके पिता की हत्या हुई उस समय उनकी उम्र काफी छोटी थी। मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र में लोगों ने उनकी मां और परिवार को मान सम्मान देकर यहां तक पहुंचाया। जगत माझी ने अपनी मां के संघर्षों को याद करते हुए कहा पहले इस क्षेत्र में विकास नजर नहीं आता था, लेकिन उनकी मां ने कड़े संघर्ष कर क्षेत्र की तस्वीर बदलने की कोशिश में है।

- **परिसंपत्तियों का हुआ वितरण**

कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन की ओर से परिसंपत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। मंत्री दीपक बिरुवा, रामदास सोरेन और सांसद जोबा माझी के हाथों मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत संगीता नायक, अमर मलिक, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत नीतू कुमारी, फूलो झानो आशीर्वाद योजना का लाभ शांति कुमारी को चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा अन्य योजनाओं से संबंधित परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

# प्रमंडलीय आयुक्त,उत्तरी छोटानागपुर की अध्यक्षता में हुआ समीक्षा बैठक का आयोजन

- वन भूमि के अतिक्रमण को रोकने हेतु अभियान मोड पर करें कार्य
- एमआरपी से अधिक रेट पर बेचने वाले कंपोजिट शराब दुकानों पर करें कड़ी कारवाई
- ओवरलोडिंग अवैध परिवहन के विरुद्ध करें कड़ी कार्रवाई-पवन कुमार




**श्रमबिंदु/रामगढ़।**

छतरमांडू स्थित समाहरणालय सभा कक्ष में प्रमंडलीय आयुक्त,उत्तरी छोटानागपुर हजारीबाग पवन कुमार की अध्यक्षता में राजस्व संबंधित विषयों पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया।बैठक के दौरान आंतरिक संसाधन (राजस्व संग्रह ),विभिन्न स्तरों के राजस्व न्यायालय वादों की समीक्षा,लंबित अन्य राजस्व विभाग से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन पर पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।बैठक के दौरान आयुक्त ने वन प्रमंडल विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का विस्तार पूर्वक जानकारी ली एवं फॉरेस्ट जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने व अवैध खनन के विरूद्ध व्यापक रूप से अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।समीक्षा के दौरान उन्होंने उत्पाद विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि जिले में जितने भी कम्पोजिट शराब की दुकाने हैं उन सभी दुकानों का औचक निरीक्षण कर एमआरपी, डुप्लीकेसी से संबंधित निरीक्षण करने का निर्देश दिया एवं किसी भी तरह से गलत पाए जाने पर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही जिले में स्थित बार और क्लब का भी निरीक्षण कर मानकों का जांच करने का निर्देश दिया गया।जिला परिवहन द्वारा किए जा रहें कार्यों की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने ट्रांसपोर्टिंग में चलने वाले गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नंबर, ओवरलोडिंग,अवैध परिवहन को लेकर जिले के मुख्य मार्गो पर जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने वाहनों की रिस्ट्रिक्शन प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी ली।इसके उपरांत उन्होंने जिले में संचालित पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण कर दिए गए मानकों पर नहीं पाए जाने वाले संबंधित पेट्रोल पंप संचालक पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान राजस्व विभाग , भूमि सुधार निबंध विभाग, खनन विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा के उपरांत आयुक्त,उत्तरी छोटानागपुर श्री पवन कुमार ने राजस्व बढ़ोतरी को लेकर कई दिशा निर्देश दिए।मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, अपर समाहर्ता रामगढ़, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, उत्पाद आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# दूसरे राज्यों के आदिवासियों की समस्याओं का समाधान करेगी हेमंत सरकार

**रांची ।**



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देश के सभी राज्यों के आदिवासियों को झारखंड में आने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि राज्य सरकार उनकी भरपूर मदद करेगी।

विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले सोमवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक के बाद उन्होंने यह जानकारी दी। मीडिया से बातचीत करते हुए सोरेन ने कहा कि आज की कैबिनेट बैठक में कई चीजों पर निर्णय लिए गए। इस राज्य के आदिवासी मूल निवासियों को देश के कई राज्यों में ले जाकर बसाया गया था। अंडमान निकोबार हो या कई अन्य जगहें, उन्हें अंग्रेज वहां ले गए थे। एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत हम उन लोगों से मिल रहे हैं जिनकी संख्या 15 से 20 लाख है और जो उन राज्यों में अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। लेकिन उन राज्यों में उन्हें अब भी आदिवासी का दर्जा नहीं मिला है। उन्हें आदिवासी कल्याण मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में झारखंड सरकार ऐसे सभी आदिवासी मूल वासियों को राज्य में आने का निमंत्रण देती है और उनकी समस्याओं को जानने के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। यह कल्याण मंत्री के नेतृत्व में एक सर्वदलीय समिति होगी। समिति का प्रतिनिधिमंडल उन राज्यों में जाकर उनकी स्थिति का अध्ययन करेगा और राज्य सरकार को सूचित करेगा।

कैबिनेट बैठक में हेमंत सरकार ने बहुचर्चित 'मंईयां सम्मान योजना' के तहत महिलाओं को अब हर महीने एक हजार रुपये के बदले 2,500 रुपये देने का निर्णय लिया है। सोमवार को सीएम की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। राज्य की कैबिनेट सेक्रेटरी वंदना डाडेल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अभी 18 से 50 वर्ष की करीब 50 लाख महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जा रही है। अब तक तीन किस्तों की राशि उनके बैंक खातों में भेजी जा चुकी है। दिसंबर महीने से उन्हें बढ़ी हुई राशि का लाभ दिया जाएगा। इस प्रकार उन्हें सालाना 12 हजार रुपये के बदले 30 हजार रुपये दिए जाएंगे।

बताया गया कि इसका लाभ 53 लाख महिलाओं को मिलेगा। इस बढ़ोतरी की वजह से राज्य सरकार को इस योजना पर लगभग नौ हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च करना पड़ेगा। कैबिनेट का यह निर्णय चुनाव से पहले हेमंत सोरेन सरकार का बड़ा दांव माना जा रहा है।

# विधायक ने महादेव मंदिर में 21 लाख की लागत से बननेवाली योजना का किया शिलान्यास



**रामगढ़।** विधायक सुनीता चौधरी रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी क्रम में सोमवार को मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 26 अंतर्गत कुसुमटोला महादेव मंदिर में 21 लाख रूपये की लागत से बनने वाली पेवर्स ब्लॉक और चहारदीवारी का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की मेरा लक्ष्य रामगढ़ विधानसभा का संपूर्ण विकास है। उन्होंने ने कहा कि जो भी वादा किया था सभी को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है। विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में घर-घर नल योजना, सभी गांवों में पथों और नालियों का निर्माण करवाया गया है। साथ ही तालाबों के सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। विधायक ने कहा की आजसू पार्टी केवल वादा करने में यकीन नही करती है बल्कि अपने वादों को धरातल पर उतारने का कार्य आजसू पार्टी की नीति और सिद्धांत है। कहा की रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों को यदि कहीं पर भी किसी तरह की परेशानी हो रही हो तो हमें बताएं हम उनकी परेशानी को दूर करने का पूरा प्रयास करेंगें।

**ये थे उपस्थित :** मौके पर पार्षद देवधारी महतो, राजेश महतो, मिठू महतो, भगवान दास महतो, खेमलाल महतो, सोमरू महतो, दिलीप कुमार महतो, पियासो देवी, गीता देवी, स्वस्तिका देवी आदि उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण से गांव का होगा कायाकल्प आवागमन में मिलेगी सुविधा : विधायक



**रजरप्पा।** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरु कला पंचायत में सोमवार को रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा पीसीसी पद का शिलान्यास किया गया लगभग 1 किलोमीटर तक पथ निर्माण कार्य किया जायेगा करोड़ों की लागत से बनाने वाले सड़क सुंदरलाल महतो के घर से नौवा बगीचा होते हुए होते हुए लालमोहन महतो सरैया के घर तक निर्माण कार्य किया जायेगा, शिलान्यास समारोह में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा ढोल नगाड़ा के साथ विधायक सुनीता का स्वागत किया गया एवं गमछा भी प्रदान किया गया, मौके पर विधायक में उपस्थित लोगों से कहा कि बरसों से ग्रामीणों की लंबित मांग थी जिसे आज पूरा धरातल पर उतारने का काम किया गया है सड़क निर्माण कार्य होने से पास पड़ोस के सैकड़ो ग्रामीणों को आवागमन करने में मिलेगी सुविधा, इस मौके पर रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो मुखिया किसुन राम मुंडा पूर्व मुखिया शीला देवी, समाजसेवी पूनम देवी, उप मुखिया मोहराय महतो, मोहनलाल महतो, तुलसीदास महतो, सुंदरलाल महतो, गुर्जर महतो, सावन महतो, गोपाल महतो, प्रदीप नायक, कुलेश्वर महतो, विकास महतो, गंगाराम महतो, भदई महतो, गीता देवी, मुस्कान देवी, जासो देवी, बबीता देवी,आशा देवी, राधा कुमारी, सावित्री देवी सहित भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

# परिश्रम की पराकाष्ठा से कार्य करें कार्यकर्ता : शिवराज

- चुनाव प्रबंधन जीत की कुंजी है : बाबूलाल मरांडी
- अपना श्रेष्ठ पार्टी को दें : सुनील कुमार सिंह
- विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक




**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में सोमवार को विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी एवं असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह, सह संयोजक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, विधायक बिरंची नारायण, सीमा शर्मा सहित समिति ने शामिल कार्यकर्ता उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा नेतृत्व की सरकार बनाने के लिए तैयार है। चुनाव प्रबंधन समिति के कार्यकर्ता को जनभावनाओं को धरातल पर उतारने की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि हम परिश्रम की पराकाष्ठा और प्रयत्नों की परिसीमा करें। कहा कि हमें अब चुनाव तक पूर्णकालिक कार्यकर्ता बनकर कार्य करना है। हम अपने में चुनाव जीतने की तड़प पैदा करें।

जनता भाजपा की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही : बाबूलाल

प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनाव प्रबंधन ही चुनाव में जीत की कुंजी है। प्रबंधन समिति पूर्ण योजना और पूर्व योजना पर कार्य करेगी तो सफलता हमारी झोली में होगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न पर्व त्योहारों के बीच अब कार्यकर्ताओं के लिए एक ही पर्व है वह है चुनाव पर्व। उन्होंने कहा कि चुनाव अभियान को व्यवस्थित तरीके से संचालित करके हमसब परिणाम को अनुकूल और सुखद बना सकते हैं। आज जनता भाजपा की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है।

प्रबंधन समिति के संयोजक एवं पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि प्रबंध समिति के कार्यकर्ताओं को अधिकार भाव से नहीं बल्कि उत्तरदायित्व भाव से कार्य करना है। पार्टी ने बड़ी जिम्मेवारी इस समिति को दी है। कहा कि हम सब अपना श्रेष्ठ पार्टी को दें तथा समन्वय के साथ जीत को सुनिश्चित करने में जुट जायें। उन्होंने कहा कि प्रबंध समिति के 29 विभागों का एक ही लक्ष्य है विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार। श्री सिंह ने मीडिया बंधुओं से भी सकारात्मक सहयोग का अनुरोध किया। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने किया। इस मौके पर पदाधिकारियों का स्वागत योगेंद्र प्रताप सिंह, अमरदीप यादव, चंद्रप्रकाश, नीरज सिंह आदि ने किया।

# भाजपा सांसद कालीचरण सिंह से रिम्स में मिले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ली स्वास्थ्य की जानकारी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को रिम्स पहुंचे। वहां उन्होंने कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में इलाजरत चतरा सांसद कालीचरण सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनसे बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती गुवा गोलीकांड के शहीद वंशज (पश्चिमी सिंहभूम जिले के नुवामुंडी निवासी) दुरगुरिया सिरका के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली तथा उनसे बातचीत कर उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने सांसद कालीचरण सिंह एवं शहीद वंशज दुरगुरिया सिरका के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## डॉक्टरों को सीएम ने दिया निर्देश

मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इलाजरत अन्य मरीजों से भी मुलाकात की तथा उनका कुशलक्षेम पूछा। कहा कि रिम्स प्रबंधन पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने उपस्थित चिकित्सकों को सभी मरीजों का बेहतर इलाज एवं जरूरी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# राज्यसभा चुनाव हॉर्स ट्रेडिंग: सीडी की सीबीआइ जांच के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी राज्य सरकार

**रांची।** झारखंड सरकार 2016 में हुए राज्यसभा चुनाव से जुड़े हॉर्स ट्रेडिंग मामले में सीडी की जांच सीबीआइ से कराने के हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी। सोमवार को हाइकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने एसएलपी दाखिल करने के लिए अदालत से समय मांगा। इस मामले में वर्तमान डीजीपी अनुराग गुप्ता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के सलाहकार अजय कुमार की भूमिका बताते हुए रांची के जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाय गयी थी। आरोपों के मुताबिक, तत्कालीन राज्यसभा प्रत्याशी मुख्तार अब्बास नकवी और महेश पोद्दार के पक्ष में मतदान के लिए विधायक निर्मला देवी को प्रलोभन दिया गया था। वर्ष 2016 में बाबूलाल मरांडी ने एक ऑडियो टेप जारी किया था। ऑडियो टेप में वर्तमान डीजीपी अनुराग गुप्ता, तत्कालीन विधायक निर्मला देवी और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की बातचीत सामने आयी थी। उस ऑडियो की सीडी की सीबीआइ जांच का आदेश हाइकोर्ट ने दिया था।

## 108 एंबुलेंस चालकों और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियनों को नहीं मिला 3 महीने का वेतन, डीसी को सौंपा ज्ञापन

# आज नहीं हुआ भुगतान, तो होगी अनिश्चितकालीन हड़ताल



**रामगढ़।** 3 महीने के बकाया वेतन की मांग को लेकर 108 एंबुलेंस के चालक और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये। सोमवार को पूरे जिले में 108 एंबुलेंस सेवा ठप रही। इस दौरान सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर एंबुलेंस चालकों ने आंदोलन किया। साथ ही डीसी को वेतन भुगतान करने को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा है। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन को एक दिन का वक्त दिया है। अगर 15 अक्टूबर तक मानदेय का भुगतान नहीं होता है, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। **जेडएचएल और जीवीके ईएमआरआई कंपनी पर लगे गंभीर आरोप :** आंदोलन के दौरान एंबुलेंस चालकों ने बताया कि जीवीके ईएमआरआई और जेडएचएल कंपनी के द्वारा ईएमटी और ड्राइवर को कांटेक्ट पर रखा गया था। इन दोनों पदों पर नियुक्त कर्मियों को तीन माह का वेतन नहीं दिया गया है। जेडएचएल कंपनी पर 108 एंबुलेंस चालकों का जुलाई और अगस्त 2023 तथा जीवीके ईएमआरआई कंपनी पर सितंबर 2024 का वेतन भुगतान नहीं करने की बात कही गयी है। आंदोलन कर रहे लोगों ने बताया कि उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर सातों दिन 24 घंटे सेवा दी है। इसके बावजूद मामूली वेतन पाने वाले कर्मियों का वेतन रोककर उन्हें भारी परेशानी में डाल दिया गया है।

**जीवीके इएमआरआइ कंपनी का खत्म हो चुका है कॉन्ट्रैक्ट**

जीवीके ईएमआरआई कंपनी का कॉन्ट्रैक्ट अगस्त 2024 में समाप्त हो चुका है। उसके द्वारा अभी तक किसी भी कर्मी को जॉइनिंग लेटर भी नहीं दिया गया है। इसके अलावा जेडएचएल कंपनी के द्वारा वेतन भुगतान नहीं करने का अलग ही कारण बताया जाता है। कंपनी के प्रतिनिधि कहते हैं कि उन्हें एनआरएचएम से भुगतान नहीं मिला है। जिसकी वजह से 108 एंबुलेंस चालक को के वेतन का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। **हड़ताल में ये थे शामिल :** मौके पर संजीत कुमार गोप, प्रिया बारला, बलराम कुमार, कुलदीप महतो, अरविंद शर्मा, रोहित महतो, दीपक कुमार, अभिमन्यू कुमार, सुशांत सिंह, शंकर कुमार, प्रदीप महतो, पवन, आनंद यादव सहित एंबुलेंस चालक और इएमटी शामिल थे।

## 108 एंबुलेंस चालक गये हड़ताल पर, सदर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था चरमरायी

चतरा। स्थायीकरण, मानदेय वृद्धि और समान काम के बदले समान वेतन सहित अन्य मांगों के समर्थन में चतरा सदर अस्पताल के एंबुलेंस चालक आज से हड़ताल पर चले गये हैं। इनके हड़ताल पर जाने के कारण सदर अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गयी है। हड़ताल के कारण रेफर मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में चालक संघ ने सिविल सर्जन को ज्ञापन सौपकर इसकी सूचना दे दी है। हड़ताल पर गए संघ के सदस्य बिपिन कुमार ने बताया कि कंपनी द्वारा हम लोगों का अनुबंध रिन्यूवल नहीं किया गया है एवं कई माह से बगैर मानदेय भुगतान का काम लिया जा रहा है। ऐसे में हम लोगों के साथ साथ परिवार का गुजारा मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती है तब तक हड़ताल जारी रहेगा। वहीं इस मामले में सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि फिलहाल जो व्यवस्था है उसी से काम चलाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसकी सूचना विभाग के वरीय अधिकारियों को दे दी गयी है।




# मृतक युवक के अंतिम संस्कार में शामिल हुए चंद्रप्रकाश चौधरी



**रजरप्पा।** 13 अक्टूबर को दिन रामगढ़ प्रखंड पंचायत कुंदरु कलां ग्राम सरैया निवासी बहाली महतो के सुपुत्र प्रकाश कुमार 20 वर्षीय का पिछले दिनों बुध बाजार लारी स्थित एक सड़क दुर्घटना में घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी। युवक की मौत खबर से पूरे गांव में मातम और सन्नाटा पसर गया। उसका अंतिम संस्कार 13 अक्टूबर को दोपहर बाद दामोदर नदी शमशान घाट में किया गया। इस मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। मृतक के परिजनों से मिलकर शोकाकुल परिवार से मिले और ढाढ़स दिया एवं भरोसा जताया तथा अमृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से दुख सहने की शक्ति प्रदान की कामना किए परिजनों को सहन शक्ति दे युवक के शव का अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

जिसमे रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, नगर परिषद उपाध्यक्ष सह केंद्रीय सचिव मनोज महतो, मुखिया किसुनराम मुंडा, बालेश्वर महतो, डहर महतो, प्रदीप कुमार, संतोष महतो, संदीप करमाली, संजय सिंघानिया, जगदेव महतो, कैलाश महतो, नीतीश निराला, अनिल पटेल एवं उनके पुरे परिजन शामिल थे।

## सुविचार

**दुनिया की हर चीज ठोकर लगने से टूट जाती है, एक कामयाबी ही है जो ठोकर लगने के बाद आती है!**

# ओटीटी को मर्यादित करें

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने ओटीटी मंच के संबंध में जो चिंता जाहिर की है, वह एक गंभीर मुद्दा है। इस पर परोसी जा रही सामग्री का भलीभांति विनियमन होना ही चाहिए, अन्यथा इससे गंभीर सामाजिक समस्याएं पैदा हो सकती हैं। ऐसा नहीं है कि ओटीटी के आने से पहले समाज में सबकुछ अच्छा ही था। समस्याएं तब भी थीं, लेकिन ओटीटी ने तो हद ही पार कर दी। यह कहने को तो कलाकारों को अभिव्यक्ति की भरपूर आजादी दे रहा है। यहां बहुत संभावनाएं हैं। भविष्य में इसके विस्तार की काफी गुंजाइश है। इसके साथ हमें यह देखना होगा कि जो कुछ इस पर पेश किया जा रहा है, उसका स्तर कैसा है? एक वेब सीरीज, जिसकी कहानी खुफिया एजेंसी में कार्यरत अधिकारी के इर्दगिर्द घूमती है, में उसके पारिवारिक जीवन को दिखाया गया है। वेब सीरीज में उस अधिकारी के छोटे-छोटे बच्चे अभद्र शब्द बोलते नजर आते हैं। उस सीरीज में यह भी दिखाने की कोशिश होती है कि खुफिया एजेंसियों में कार्यरत अधिकारी देश के दुश्मनों का बहादुरी से सामना करते हैं तथा उन्हें दैनिक जीवन में कई समस्याओं, तनावों से भी जूझना पड़ता है। बेशक ऐसा होता है, लेकिन यह कहां तक उचित है कि सीरीज में बच्चों को अभद्र शब्द बोलते दिखाया जाए? सवाल तो यह है कि किसी को भी ऐसा बोलते क्यों दिखाया जाए? क्या लोकप्रियता हासिल करने का यही एक तरीका बचा है? देशवासियों के मन में सेना और खुफिया एजेंसियों के प्रति बहुत सम्मान की भावना होती है। अगर कोई व्यक्ति यह सोचकर परिवार के साथ उस सीरीज को देखने बैठ जाए कि इससे देशप्रेम की भावना मजबूत होगी तो उसे बहुत धक्का लगेगा।

यह मामला किसी एक वेब सीरीज के साथ नहीं जुड़ा है, बल्कि अब तो ऐसी सामग्री की बौछार हो चुकी है। चूंकि बच्चे भी अपना मनपसंद कार्यक्रम देखना चाहते हैं। जब वे कोई सामग्री ढूंढ़ते हैं तो इस बात की काफी आशंका होती है कि उसका स्तर उनके अनुकूल न हो। कई घरों में मां-बाप कामकाजी होते हैं। वहां बच्चे दोपहर को स्कूल से आने के बाद ओटीटी मंच को खंगालते हैं। उस दौरान उन्हें यह बताने वाला कोई नहीं होता कि यहां बहुत-सी चीजें आपके लिए ठीक नहीं हैं। इन सीरीजों में अमर्यादित दृश्यों के साथ हिंसक दृश्यों की भी भरमार देखने को मिलती है। उनके ऐसे संवाद लोगों की जुबान पर चढ़ रहे हैं, जिनमें अश्लीलता भरी हुई है। स्कूलों-कॉलेजों के कई बच्चे आपसी बातचीत में उन्हें दोहराते हैं। उन्हें सोशल मीडिया पर शेयर किया जाता है, गोया यह कोई बहादुरी का काम हो! ऐसी सामग्री देखने से बच्चों का ज़ेहन कैसा होगा? प्राय: यह तर्क दिया जाता है कि ओटीटी तो वही दिखा रहा है, जो समाज में हो रहा है। वास्तव में यह कुतर्क है। सिनेमा, साहित्य, मीडिया और इस तरह के अन्य माध्यमों की जिम्मेदारी इतनेभर से खत्म नहीं हो जाती कि जो हो रहा है, वह दिखा दिया। उन्हें समाज को सही दिशा भी दिखानी होती है। अगर कोई माध्यम कोरी नकारात्मकता को लाकर लोगों के सामने परोसता रहे तो वह खुद उसमें भागीदार हो जाता है। समाज में चोरी, रिश्वतखोरी, हत्या, धोखाधड़ी आदि को बुरा क्यों समझा जाता है? इसलिए कि ये कृत्य सभ्य समाज के लिए खतरनाक हैं। ये नैतिकता के विरुद्ध हैं। हमें बचपन से सिखाया जाता है कि ये बुरे काम हैं। अगर किसी देश में बुराई का महिमा-मंडन हो, बुरे काम करने वाले को हीरो की तरह पेश किया जाए तो क्या वहां सभ्य समाज का अस्तित्व हो सकता है? बिल्कुल नहीं, क्योंकि बच्चों को जो सिखाया जाता है, जो दिखाया जाता है, वे उसे ग्रहण करते हैं और एक दिन वैसा ही बनने की कोशिश करते हैं। इसलिए ओटीटी जैसे माध्यमों को मर्यादित करना जरूरी है। वहां आपत्तिजनक व अभद्र सामग्री पेश करने की छूट बिल्कुल नहीं होनी चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



गदर पार्टी के संस्थापक सदस्य, महान स्वाधीनता सेनानी लाला हरदयाल की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! उनकी क्रांतिकारी सोच ने देशभक्ति की ज्योति प्रज्वलित कर आम जनमानस को स्वाधीनता संग्राम के लिए प्रेरित किया था।

**-योगी आदित्यनाथ**



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने परिवार द्वारा संचालित ट्रस्ट पर आक्षेप लगने के बाद आवंटित भूमि को लौटाने का जो निर्णय लिया है, वह स्पष्ट रूप से प्रमाणित करता है कि सत्ता का दुरुपयोग करके भूमि को हड़पने का कार्य कर्नाटक में सर्वोच्च रूप से हो रहा था।

**-सुधांशु त्रिवेदी**



राज्य सभा से पूर्व सांसद श्री ज्ञान प्रकाश पिलानिया जी के निधन का समाचार जानकर दुःख हुआ। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं पिलानिया परिवार के साथ है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें, तथा शोक संतप्त परिजनों व प्रशंसकों को संबल प्रदान करें।

**-ओम बिरला**

## प्रेरक प्रसंग

# भक्ति द्वारा दुर्व्यसनों से मुक्ति

दक्षिण भारत की महिला संत औवैयार बचपन में ही अनाथ हो गई थीं। एक सदगृहस्थ संत ने, उनका पालन-पोषण किया। अपने धर्मपिता के भक्ति गीतों ने औवैयार को भगवत भक्ति की प्रेरणा दी। दस वर्ष की आयु होते ही वे भी भक्ति गीतों की रचना करने लगीं। अपने इष्ट देवता विघ्नेश्वर की पूजा-उपासना में लीन रहतीं। कठोर तप और साधना के बल पर उन्हें अलौकिक सिद्धि प्राप्त हुई। वे बीमार लोगों को जड़ी-बूटियों से निर्मित औषधि देतीं और सात्विक जीवन जीकर निरोगी बनने की प्रेरणा देतीं। लोगों को सदाचार का उपदेश देतीं। एक बार वे किसी गृहस्थ के द्वार पर भिक्षा मांगने पहुंचीं। उन्होंने देखा कि पति-पत्नी एक-दूसरे को कटु वचन कह रहे हैं। गृहस्वामी उन्हें पहचान गया और उनसे भोजन ग्रहण करने की प्रार्थना करने लगा। संत ने कहा, 'तुम दोनों भविष्य में न लड़ने का संकल्प लो और प्रेम से रहना सीखो, मैं तभी भोजन करूंगी। क्रोध में आकर अपशब्द कह देने वाले का भोजन मेरी बुद्धि को भ्रष्ट कर देगा।' दोनों ने उनके चरणों में गिरकर क्रोध त्यागने का संकल्प लिया। संत औवैयार ने असंख्य व्यक्तियों को दुर्व्यसनों से मुक्त कराकर धर्म के मार्ग पर चलाया।

## सामयिक

# कब भुखमरी एवं भूखे लोगों की दुनिया से निजात मिलेगी?

**ललित गर्ग**

विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर को दुनिया भर में हर साल मनाया जाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है। 1945 में संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना उपलक्ष्य में यह दिवस भूख और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य संगठनों द्वारा व्यापक रूप से मनाया जाता है, जिसमें विश्व खाद्य कार्यक्रम, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष शामिल हैं। डब्ल्यूएफपी को भूख से लड़ने, संघर्ष क्षेत्रों में शांति में योगदान देने और युद्ध और संघर्ष के लिए हथियार के रूप में भूख के इस्तेमाल को रोकने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए 2020 का शांति का नोबेल पुरस्कार मिला। साल 2024 की थीम है बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए भोजन का अधिकार।' आज भारत एवं अन्य देशों में भोजन की बर्बादा को रोकना भी प्रमुख प्राथमिकता बननी चाहिए। भारत सरकार भी हर व्यक्ति तक भोजन की पहुँच और विशेष रूप से कमज़ोर वर्ग के लिए 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' व अंत्योदय अन्न योजना जैसे कार्यक्रम चलाती है।

विश्व की करीब दो अरब तीस करोड़ आबादी को भूखमरी एवं भूख का सामना करना पड़ रहा है। दो वक्त की भोजन सामग्री जुटाने के लिए इस आबादी को जिन मुश्किलों, संकटों एवं त्रासद स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, वह विश्व की सरकारों एवं व्यवस्थाओं के विकास के बयानों को बेमानी सिद्ध करता है। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना महामारी और उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध ने भूखमरी को विकट बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया 2030 तक सभी रूपों में भूख, खाद्य असुरक्षा, स्वास्थ्य और कुपोषण को खत्म करने के अपने लक्ष्य से और दूर जा रही है। लेकिन भारत-सरकार के प्रयासों से भारत में कुपोषण एवं भूखमरी से उबरने की सफल कोशिशें हो रही है। भारत की टिकाऊ और स्वस्थ खाने की आदतों की दिशा में प्रगति स्पष्ट है। खेत से लेकर मेज तक का आंदोलन जोर पकड़ रहा है, जो उपभोक्ताओं को ताजा, स्थानीय रूप से प्राप्त उपज से जोड़ रहा है। खाद्य उद्यमियों की सफलता की कहानियाँ लचीलापन और नवाचार को दर्शाती हैं, जो एक जीवंत खाद्य परिदृश्य में योगदान देती हैं। अत्याधुनिक खाद्य प्रौद्योगिकी नवाचारों के साथ, भारतीय खाद्य उद्योग विकसित हो रहा है, जिससे दक्षता और कम बर्बादी सुनिश्चित हो रही है।

कुपोषण और भुखमरी से जुड़ी वैश्विक रिपोर्टें न केवल चौंकाने बल्कि सरकारों की नाकामी को उजागर करने वाली ही होती हैं। विश्वभर की शासन-व्यवस्थाओं का नाकामी एवं शैतानों की शरणस्थली बनना एक शर्मनाक विवशता है। लेकिन इस विवशता को कब तक ढोते रहेंगे और कब तक दुनिया भर में कुपोषितों का आंकड़ा बढ़ता रहेगा, यह गंभीर एवं चिन्ताजनक स्थिति है। लेकिन ज्यादा चिंताजनक यह है कि तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद कुपोषितों और भुखमरी का सामना करने वालों का आंकड़ा पिछली बार के मुकाबले हर बार बढ़ा हुआ ही निकलता है। रिपोर्टें बताती हैं कि ऐसी गंभीर समस्याओं से लड़ते हुए हम कहां से कहां पहुंचे है। इसी में एक बड़ा सवाल यह भी निकलता है कि जिन लक्ष्यों को लेकर दुनिया के देश सामूहिक तौर पर या अपने प्रयासों के दावे करते रहे, उनकी कामयाबी कितनी नगण्य एवं निराशाजनक है। कुपोषण, गरीबी, भूख में सीधा रिश्ता है। यह दो-चार देशों ही नहीं, बल्कि दुनिया के बहुत बड़े भूभागों के लिए चुनौती बनी हुई है। दुनिया से लगभग आधी आबादी इन समस्याओं से जूझ रही है। इसलिए यह सवाल तो उठता ही रहेगा कि इन समस्याओं से जूझने वाले देश आखिर क्यों नहीं इनसे निपट पा रहे हैं? इसका एक बड़ा कारण आबादी का बढ़ना भी है। गरीब के संतान ज्यादा पैदा होती है क्योंकि कुपोषण में आबादी ज्यादा बढ़ती है। विकसित राष्ट्रों में आबादी की बढ़त का अनुपात कम है, अविकसित और निर्धन राष्ट्रों की आबादी की बढ़त का अनुपात ज्यादा है। भुखमरी पर स्टैंडिंग टुगेदर फॉर न्यूट्रीशन कंसोर्टियम ने आर्थिक और पोषण डाटा इकट्ठा किया, इस शोध का नेतृत्व करने वाले सासकिया ओसनदार्प अनुमान लगाते हैं कि जो महिलाएं अभी गर्भवती हैं वो ऐसे बच्चों को जन्म देंगी जो जन्म के पहले से ही कुपोषित हैं और ये बच्चे शुरू से ही कुपोषण के शिकार रहेंगे। एक पूरी पीढ़ी दांव पर है। अफ्रीकी देशों से आने वाली तस्वीरें डराती हैं। खाने के एक-एक पैकेट के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ती है। ऐसे में पौष्टिक भोजन की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती। महंगाई के कारण मध्य और निम्न वर्ग के लोग अपने खान-पान के खर्च में भारी कटौती के लिए मजबूर होते हैं। ऐसे में एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए निर्धारित मानकों वाले खाद्य पदार्थ उनकी पहुंच से दूर हो जाते हैं। पौष्टिक भोजन के अभाव में लोग गंभीर बीमारियों की जद में आने लगते हैं।

गरीब मुल्कों की मदद के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम को तेज करने की जरूरत है। विकासशील देशों को ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो गरीबी, कुपोषण एवं भुखमरी दूर कर सकें। सत्ताएं ठान लें तो हर नागरिक को पौष्टिक भोजन देना मुश्किल भी नहीं है। लेकिन इसकी सबसे बड़ी बाधा शासन-व्यवस्थाओं में बढ़ता भ्रष्टाचार है। गलत जब गलत न लगे तो यह मानना चाहिए कि बीमारी गंभीर है। बीमार व्यवस्था से स्वस्थ शासन की उम्मीद कैसे संभव है? संयुक्त राष्ट्र की ताजा वैश्विक खाद्य सुरक्षा रिपोर्ट में दुनिया में भुखमरी की स्थिति पहले के मुकाबले ज्यादा विकराल होने की स्थितियां तमाम विकास की तस्वीरों पर एक बदनुमा दाग है। दुनिया में उभरती आर्थिक महाशक्तियों, व्यवस्थाओं एवं विकास के बीच भूखे लोगों की तादाद में इजाफा होना दुनिया के विकास एवं संतुलित समाज की संरचना पर एक गंभीर प्रश्न है। कहीं-ना-कहीं दुनिया के विकास मॉडल में खामी है या वर्तमान सरकारों की कथनी और करनी में फर्क है। ऐसा लगता है कि विकास के लुभावने स्वरूप को कामयाबी माना जाने लगा है, लेकिन इसके बुनियादी पहलुओं को केंद्र में रखकर जरूरी कदम नहीं उठाए गए या उन पर अमल नहीं किया गया, तभी भूखमरी एवं भूखे लोगों की विडम्बनापूर्ण स्थितियां सुरसा की भांति बढ़ती ही जा रही है। यह कैसी संवेदनहीनता एवं उपेक्षापूर्ण मानसिकता है कि भूखमरी एवं कुपोषण की त्रासद एवं खौफनाक मसले पर किसी नई रिपोर्ट पर हैरानी तक नहीं होती, मगर इससे इतना जरूर पता चलता है कि विश्वभर में नीतियां बनाने और उन्हें लागू करने को लेकर कोई संतुलित रुख नहीं अपनाया जाता। यह शासन व्यवस्थाओं की नीति एवं नियत में खोट को ही दर्शाता है।

हमारी दुनिया विरोधाभासी एवं विडम्बनाओं से ग्रस्त है। एक तरफ भूखमरी तो दूसरी ओर महंगी दावतों और धनाढ्य वर्ग की विलासिताओं के अम्बार, बड़ी-बड़ी दावतों में जूठन की बहुतायत मानवीयता पर एक बदनुमा दाग है। इस तरह व्यर्थ होने वाले भोजन पर अंकुश लगाया जाए, विज्ञापन कंपनियों को भी दिशा निर्देश दिए जाएं, होटलों और शैक्षिक संस्थानों, दफ्तरों, कैंटीनों, बैठकों, शादी और अन्य समारोहों और अन्य संस्थाओं में खाना बेकार न किया जाए। इस भोजन का हम अपने समाज की बदहाली, भूखमरी और कुपोषण से छुटकारे के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

सरकारों के भरोसे ही नहीं, बल्कि जन-जागृति के माध्यम से ऐसा माहौल बनाना चाहिए। आखिर में खुद से पूछना चाहिए कि क्या हम अशांत, अस्थिर, हिंसक और अस्वस्थ समाज चाहते हैं या उसे बदलना चाहते हैं? क्या हम भूखमरी एवं भूखें लोगों की दुनिया के नागरिक होना चाहते है या खुशहाल एवं साधन-सम्पन्न नागरिकों की दुनिया के नागरिक?

## मुद्दा

# लाइक-कमेंट के चक्कर में मौत की रील

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। युवा फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की देखादेखी कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है। बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है, उसमें रील बना रहे हैं।**

युवा अभी रियल और रील लाइफ जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर ज़्यादा लाइक्स के चक्कर में ख़ुद को जोखिम में डाल रहे हैं। भारत में टिकटॉक पर बैन लगने के बाद रील्स और मीस बनाने का चलन सामने आया। इसके बाद लोग इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने लगे। रील्स में इंफॉर्मेशनल, फनी, मोटिवेशनल और डांस समेत कई तरह के वीडियो होते हैं। रील्स एक तरह का इंस्टाग्राम पर शॉर्ट वीडियो होता है। शुरुआत में यह रील्स 30 सेकंड का होता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 90 सेकंड का कर दिया है। रील बनाने का युवाओं के बीच ऐसा क्रेज आजकल है कि वह कहीं भी रील बनाने लग जाते हैं। कई बार इस रीलबाजी के चक्कर में लोग अपना ही नुक़सान भी करा बैठते हैं। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के शगल के कारण युवा ज़िन्दगी में रील बनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। कब यह शौक सनक की हद तक पहुँच जाता है, पता ही नहीं चलता। नियमों को ताक पर रखकर रील बनाने के जुनून में जान तक गंवा देते हैं। शहर में ही युवाओं को फ़ेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक, फ्लाई ओवर पर, चलती रेल में कोच के डिब्बे के बीच खड़े होकर या बाइक चलाते हुए रील बनाते देखा जा सकता है।

युवा अभी रियल और रील लाइफ जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर ज़्यादा लाइक्स के चक्कर में ख़ुद को जोखिम में डाल रहे हैं। कई युवा रील को रोचक बनाने के चक्कर में पानी के बीच उतर रहे हैं तो कई युवा टूटी दीवारों पर चढ़कर रील बना रहे हैं। वैसे तो रील्स बनाने का खुमार हर वर्ग के लोगों को है, लेकिन इसमें खासकर 16 से 40 वर्ष के युवा वर्ग में ये क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने या अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के जुनून में लोग इतने खो जाते हैं कि कुछ अलग हटकर दिखाने के चक्कर में ख़ुद के साथ-साथ कई बार दूसरों तक की जान से खिलवाड़ कर डालते हैं।

लोकप्रियता हासिल करने के लिए कभी कोई रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने पहुँच जाता है तो कभी कोई बहुमंजिला इमारत पर खड़े होकर वीडियो बनाता है। कभी वाहन चलाते समय स्टंटबाजी, कभी सड़कों व चौक-चौराहों पर डांस, स्टंट करना, सिलीसेढ़ और बाँध पर खड़े होकर रील्स बनाना। कभी किसी पहाड़ पर खड़े होकर अजीब हरकतें करना। कहीं झरनों व जलाशयों के बीचोंबीच जाकर पानी में बेपरवाह मस्ती करते हुए रील्स बनाना। कभी रेलवे ट्रैक पर जाकर या प्लेटफार्म या चलती ट्रेन में दरवाजे पर खड़े होकर रील्स बनाना।

रील लाइफ की तुलना से युवाओं का आत्मसम्मान प्रभावित हो रहा है। सोशल मीडिया की दुनिया में परफेक्ट दिखने की होड़ में जब उनकी पोस्ट को वांछित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो वे निराश हो जाते हैं। इसका सीधा असर उनकी मानसिक स्थिति पर पड़ता है, जिससे वे और ज़्यादा सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं और इस चक्रव्यूह से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस समस्या से निपटने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को मिलकर युवाओं को वास्तविक जीवन के महत्त्व का अहसास कराना चाहिए। टेलेंट है तो बहुत से विषय हैं रील बनाने केयदि किसी में टेलेंट है तो जान को जोखिम में डालने वाली रील बनाने की बजाय मोटिवेशनल, संगीत, नृत्य, तकनीकी ज्ञान, सेहत से जुड़ी टिप्स, धर्म, विज्ञान, फिटनेस, हास्य-व्यंग्य, खान-पान सहित सैकड़ों विषयों पर रील बनाकर ख्याति अर्जित कर सकता है। रील्स की बजाय अपने दोस्तों के साथ समय गुजारें मॉर्निंग वॉक के साथ व्यायाम करने में समय बिताएंरील्स देखने के कारण बच्चे वर्चुअल ऑटिज्म के शिकार हो रहे हैं, उन्हें मोबाइल से दूर रखेंबच्चों के सामने कम से कम मोबाइल का इस्तेमाल करेंबच्चों को वक़्त दें, उनसे पारिवारिक बातें करें।

फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए टेलेंट होना बहुत ज़रूरी है। यदि आपके अंदर टेलेंट है तो फॉलोअर्स अपने आप ही बढ़ जाएंगे। यदि युवा ट्रैक पर खड़े होकर रील बना रहे है तो बहुत ग़लत है। इससे दूसरे बच्चों पर भी ग़लत असर पड़ेगा। रील बनाने वालों के साथ उनकी वीडियो देखने वालों की भी मूर्खता है। इनका विरोध करना चाहिए। युवा जल्दी फेमस होने के लिए रील बना रहे हैं, जोकि बहुत ग़लत है। मैं कई जगह रेलवे ट्रैक और फ्लाई ओवर पर रील बनाते हुए युवाओं को देखता हूँ। उन्हें रील बनानी है तो सबसे पहले सुरक्षित जगह चुनें। बच्चे रेलवे ट्रैक या फिर रिस्क वाली जगह पर रील बना रहे हैं तो माता-पिता को इन पर निगरानी रखनी चाहिए।

सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। युवा फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की देखादेखी कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है।

बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है उसमें रील बना रहे हैं। रिस्क भी ज़्यादा लेते हैं। ऐसे बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी काउंसिलिंग की ज़रूरत है। युवाओं के साथ-साथ अब छोटे बच्चों में भी मोबाइल पर रील्स बनाने की आदत होने लगी है। बच्चे घर पर अकेले रहते हैं सोशल मीडिया का अट्रैक्शन है। सबको अच्छा लगता है कि उन्हें लोग पसंद करे, तारीफ करें। इससे बचने का यही उपाय है कि बच्चों को मोबाइल का प्रयोग कम करने दे। मोबाइल देखते समय बड़े उनके साथ ही रहें, जिससे वह कुछ ग़लत ना कर सके।

## नजरिया

# बांग्लादेश में दुर्गा पूजा पंडालों में कट्टरपंथी अराजकता का तांडव

**मनोज कुमार अग्रवाल**



बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ क्रूरता पूर्ण अमानवीयता में कोई कमी नहीं आई है। शेख हसीना के सत्ताच्युत हो जाने के बाद से इन में असामान्य रूप से वृद्धि हुई है। बांग्लादेश में इस साल शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा समारोहों से जुड़ी लगभग 35 अप्रिय घटनाएं सामने आई हैं, जिसके बाद सत्रह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लगभग एक दर्जन मामले भी दर्ज किए गए हैं जबकि वास्तव में ऐसी वारदातों की तादाद की गुना अधिक है जिन्हें बांग्लादेश के प्रशासन ने दर्ज नहीं किया है। यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है जब एक दिन पहले पता चला कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उपहार में दिया गया एक मुकुट दुर्गा पूजा समारोहों के बीच बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी सतखीरा जिले में एक हिंदू मंदिर से चोरी हो गया था, जिस पर भारत ने चिंता व्यक्त की थी। पांच दिवसीय हिंदू धार्मिक उत्सव बुधवार को देवी दुर्गा के आह्वान के साथ शुरू हुआ, जिसे महा षष्ठी कहा जाता है। समारोह का समापन रविवार को देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ होगा। बता दें कि अल्पसंख्यक हिंदू बांग्लादेश की 170 मिलियन आबादी का लगभग 8 प्रतिशत हिस्सा हैं। हिंदुओं को 5 अगस्त को तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के निष्कासन के बाद भड़की छात्र-नेतृत्व वाली हिंसा के दौरान अपने व्यवसायों और संपत्तियों की बर्बरता और मंदिरों के विनाश का सामना करना पड़ा।

पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) एमडी मोइनुल इस्लाम ने कहा कि 1 अक्टूबर से देश भर में चल रहे दुर्गा पूजा समारोह से संबंधित 35 घटनाएं हुई हैं, जिसके कारण 11 मामले दर्ज किए गए हैं। इस्लाम ने शुक्रवार को ढाका में बनानी पूजा मंडप का दौरा किया, जिसके बाद उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि देश भर में 32000 से अधिक मंडपों में दुर्गा पूजा मनाई जा रही है। भारतीय उच्चायोग ने बांग्लादेश सरकार से चोरी की जांच करने और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के अलावा मुकुट बरामद करने का आग्रह किया। आईजीपी इस्लाम ने आश्वासन दिया कि पुलिस के पास घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों का रिकॉर्ड है और आरोपी को सजा मिलकर रहेगी।बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के मौके पर अनेक अप्रिय घटनाएं देखने को मिली हैं। ढाका में शुक्रवार को दुर्गा पूजा पंडाल पर पेट्रोल बम फेंका गया। घटना में एक शख्स घायल हुआ। वहीं चैटोग्राम में एक दुर्गा पूजा पंडाल में इस्लामिक गाना बजाया गया, जिसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। 7 लोगों पर मुकदमा हुआ है।

आपको बता दें कि बांग्लादेशी समाचार पत्र 'ढाका ट्रिब्यून' ने बांग्लादेश में इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस मोहम्मद मोइनुल इस्लाम के हवाले से दुर्गा पूजा समारोह के दौरान दर्ज की गई 35 अप्रिय घटनाओं का उल्लेख किया। मोहम्मद इस्लाम ने शुक्रवार को ढाका में बनानी पूजा मंडप का दौरा किया था, जिसके बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा था कि हिंदू अल्पसंख्यकों के पर्व पर पूजा-समारोहों की सुरक्षा की जाएगी। देश में 32,000 से अधिक मंडपों में दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया गया है।' मोहम्मद इस्लाम का बयान ऐसे समय में आया है, जब 2 दिन पहले ही पता चला था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बांग्लादेश के मंदिर में चढ़ाया गया स्वर्ण मुकुट दुर्गा पूजा समारोह के दौरान चुरा लिया गया। स्वर्ण मुकुट चोरी होने की घटना से बांग्लादेश हिंदू दुखी हो गए। उन्होंने पुलिस-प्रशासन से गुहार लगाई। इस घटना पर भारत सरकार ने भी चिंता व्यक्त की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका के तांतीबाजार में पूजा मंडप पर हमले और सतखीरा में प्रतिष्ठित जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी की घटना की निंदा करते हुए बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने उस बयान को सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, बांग्लादेश में पूजा मंडप पर हमले और हिंदू मंदिरों को अपवित्र करने तथा उन्हें क्षति पहुंचाने पर हमारा बयान में विदेश मंत्रालय के इस बयान में बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों पर हुए हमले और चोरी की निंदा करते हुए, बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश के कानून प्रवर्तन अधिकारियों से घटना की जांच करने, चोरी की गई वस्तु को बरामद करने और दोषियों को सजा दिलाने का आग्रह किया गया है।

न्यूज अपडेट

## चार दिवसीय वार्षिक बाईबल अध्यात्मिक मंथन का शुभारंभ

**दुमका।** बेनागड़िया मिशन चर्च (शिकारीपाड़ा प्रखंड) में एसएमएनसी के अनुयायियों का चार दिवसीय वार्षिक बाईबल अध्यात्मिक मंथन दिन सोमवार से प्रारम्भ हो गया। इस चार दिवसीय वार्षिक बाईबल अध्यात्मिक मंथन में बेनागड़िया, जुब्दी, सुल्तानाबाद, मोहुलपहाड़ी सर्किल सहित असम के संताल कॉलोनी, जोयमा, दारॉंग, पश्चिम बंगाल के मालदा व मुर्शिदाबाद के प्रतिभागीगण शामिल हुए।

इस महासभा में ईश्वरीय अध्यात्मिक प्रार्थना व अराधना करते हुए पवित्र बाईबल में उपलब्ध तितुस सहित अन्य को प्रेषित संत पौलूस का पत्र (तितुस :1:10) मिथ्या गुरूओं पर रोकथाम, 1 तिमोथीः 4:1 मिथ्या गुरूओं से सावधान, 2 तिमोथीः6:7 दुख-कष्ट बर्दाश्त करना, मति-रचित सुसमाचार- 13:29-30 जंगली बीज का दृष्टांत मति-24:46-47 विश्वास योग्य और दुष्ट दास के विषय पर बारी-बारी से पास्टर भावेश किस्कू, रेव. नयन किशोर टुडू , रेवरेन्ड जोयेन मुर्मू, रेवरेन्ड अफसलम टुडू, रामजान हेम्ब्रम सहित अन्य प्रवक्ताओं ने अध्यात्मिक मंथन के दौरान प्रकाश डाला। उपस्थित प्रतिभागी अनुयायियों ने इस ईश्वरीय अराधना -प्रार्थना महासभा के भक्ति मय माहौल पर अध्यात्मिक आनंद का लाभ उठाया।

## गोसलीडीह में दुर्गापूजा मेला में उमड़ी भीड़



**देवीपुर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बारावां पंचायत के गोसलीडीह में दुर्गापूजा मेला में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आसपास के दर्जनों गांवों के अलावे दूर-दूर से हजारों लोग मेला देखने आए। मेला कमिटी की ओर से धूमधाम से दुर्गापूजा को लेकर मेला का आयोजन किया गया। वहीं देर रात्रि को मां दुर्गा माता का प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया गया। मेला में आए लोग मां दुर्गा प्रतिमा का दर्शन किए। मेले में महिलाएं और बच्चों ने चाट, गुपचुप, पकौड़ी का आनंद लिया। वहीं मेले में बालूशाही मिठाई का सबसे अधिक बिक्री हुई। मेले में शांति व्यवस्था बनाने को लेकर देवीपुर थाना के पुलिस अधिकारी एएसआई सुधांशु यादव, संजय रजक व अन्य पुलिस बल मेले में मौजूद थे।

## सास बहू पति सम्मेलन आयोजित



**पालोजोरी।** पालोजोरी प्रखंड के धावा और शिखरनावाडीह गांव में सोमवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत सास बहू पति समेलन्न कार्यक्रम का आयोजित हुआ। कार्यक्रम में परिवार नियोजन कार्यक्रम के बीटीटी पंकज कुमार राय ने सुखी जीवन जीने का मूल मंत्र विस्तार से जानकारी दी।जिसमें शादी करे 21साल बाद, पहला बच्चा हो दो साल बाद , पहले बच्चे और दूसरे मे तीन साल का अंतर,दो बच्चे के बाद महिला बंध्याकरण या पुरुष नसबंदी जरूर करवाये तभी जच्चा और बच्चा भी स्वस्थ्य रहेगा। बसहा क्लस्टर के धावा और शिखरनवाडीह, के आंगनबड़ी केन्द्र में सरकार द्वारा चलाया जा रहा परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत सास बहू पति समेलन्न कार्यक्रम में प्रतियोगिता आयोजित कर सभी लाभार्थी को थाली प्लेट देकर सम्मानित किया गया, जिसमें सेविका सुनीता देवी, सहिया गुड़िया खातून, बुलू हालदार, भवानी मंडल शामिल हैं।

## पुस्तकालय का हुआ शिलान्यास

**सोनारायठाडी ।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय मगडीहा मे एक पुस्तकालय का शिलान्यास किया वही विद्यालय के छात्राओं ने पूर्व मंत्री सह विधायक बदल पत्रलेख को जोरदार स्वागत किया। विद्यालय के सभी शिक्षकगण और बच्चों मे का×फी उत्साह का माहौल देखा गया। और ग्राम भोड़ाजमुआ और ग्राम फोकलवा के बीच जोरिया पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास जरमुंडी विधायक बादल पत्रलेख जी द्वारा किया गया। भोड़ाजमुआ और खिजूरिया पंचायत के लोगों की एक लंबी मांग को पूरा करने के लिए क्षेत्र के लोगों ने विधायक जी को धन्यवाद दिया।ज्ञात हो कि जरमुंडी विधायक बादल पत्रलेख जी की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के अंतर्गत सोनारायठाड़ी प्रखंड क्षेत्र में इस पुल का निर्माण कार्य 1 करोड 96 लाख की लागत से होना है।इस अवसर पर विधायक जी के साथ झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष सादिक अंसारी,प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नजबुल अंसारी,भोड़ाजमुआ पंचायत मुखिया खुर्शीद अंसारी, खिजूरिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि कुटिल अंसारी,प्रखंड बीस सूत्री सदस्य राजेश यादव,पंचायत समिति सदस्य शरीफ अंसारी,दीपक यादव,जावेद अंसारी,बैद्यनाथ यादव,शरीफ अंसारी, शिबू राय, अनिल मंडल , राजेश यादव, जावेद चौधरी, बैधनाथ यादव, मनोवर अंसारी, जितेंद्र मंडल,राहुल पासवान,रफीक अंसारी समेत अन्य लोग रहे मौजूद थे।

## नम आंखों से भक्तों ने दी मां दुर्गा की विदाई




**मोहनपुर।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र में दुर्गा पूजा महोत्सव शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। लोगों ने नम आंखों से विदाई दी। माता की विदाई के समय लोगों की आंसू छलक पड़े। 9 दिनों तक माता को पूरी विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करने के बाद मां दुर्गा को विदाई करने में लोग सहज महसूस कर रहे थे। परंतु वर्षों से चले आ रहे रस्म निभाना ही पड़ता है। वहीं लोगों ने रस्म को पूरा करते हुए मां दुर्गा को फिर अगले साल आकर हम सबों को दर्शन दीजिए कहते नजर आए। हम सबकी मनोकामनाएं पूर्ण कीजिए। इस आशा और विश्वास के साथ लोगों ने माता को विदाई दी।

# कोलपाड़ा से नीम टोला तक सड़क नहीं तो वोट नहीं के नारे के साथ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**दुमका।**





जर्जर ग्रामीण पथों का निर्माण नहीं होने से नाराज शिकारीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत बाँकीजोर ग्राम व पंचायत के नीम टोला के महिला-पुरूष मतदाताओं ने दिन सोमवार को कोलपाड़ा से नीम टोला तक तकरीबन साढ़े तीन किलोमीटर जर्जर पथ पर पैदल मार्च करते हुए ₹रोड नहीं तो वोट नहीं₹ का नारा लगाकर प्रखंड व जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया।

ग्रामीण मतदाताओं ने कहा कि बाँकीजोर नीम टोला के निवासियों का मुख्य आवागमन ग्रामीण पथ कोलपाड़ा से नीम टोला तक पिछले कई वर्षों से जर्जर है। बारिश के मौसम में रास्ता कीचड़युक्त व दलदल युक्त हो जाता है। स्कूली बच्चे चार माह तक विद्यालय नहीं जा पाते हैं। लोग अपने साईकिल सहित अन्य दोपहिया-चार पहिया वाहन को डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर लावारिस हालत में छोड़कर घर वापस लौटने पर मजबूर होते हैं। पालतू मवेशियों तक के लिए यह रास्ता बहुत कष्टदायक होता है।

ग्रामीणों ने आगे कहा कि स्थानीय प्रशासन सहित सक्षम जनप्रतिनिधिगणों सांसद-विधायक के समक्ष मौखिक व लिखित आवेदन देकर सड़क निर्माण की लगातार माँग के बावजूद आज तक सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ हुआ है, जबकि बेहतर सड़क निर्माण व मरम्मति के नाम पर लगातार पैसे का दुरूपयोग किया जाता रहा है। जिससे सरकार को राजस्व हानि तो हो ही रही है, ग्रामीणों को इसका कोई स्थायी लाभ नहीं मिल पा रहा है।

रैली प्रदर्शन में शामिल लोगों ने अपनी नाराज़गी जाहिर करते हुए कहा कि स्थानीय प्रशासन, राज्य व केंद्र सरकार से हमारा विश्वास उठ चुका है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जिला प्रशासन द्वारा विधानसभा चुनाव- 2024 से पहले यदि सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो हम मतदान का बहिष्कार करेंगे। रैली में शामिल महिला-पुरुषों ने कहा कि रोड नहीं तो वोट नहीं हमारा एकमात्र उद्देश्य है।

# 40 प्लस क्लब के द्वारा किया गया दुर्गा पूजा समिति सम्मान समारोह का आयोजन

- सर्वश्रेष्ठ पंडाल के लिए जगत जननी पूजा समिति न्यू कॉलोनी को मिला प्रथम स्थान
- सर्वश्रेष्ठ मेला व्यवस्था के लिए राजराजेश्वरी दुर्गा पूजा समिति को चुना गया प्रथम



**मधुपुर।**

शहर की बहुचर्चित 40 प्लस क्लब के द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री श्री दुर्गा पूजा समिति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । गौरतलब हो विगत कई वर्षों से क्लब के द्वारा इस प्रकार का आयोजन किया जा रहा है । इस वर्ष पुरस्कृत करने का जो मापदंड रखा गया, वह सोशल मीडिया सर्वे और क्लब के निर्णायक मंडली का निर्णय के आधार पर विभिन्न समितियां को पुरस्कार के लिए चयनित किया गया । इस वर्ष क्लब के द्वारा चार विभिन्न आयामों में पुरस्कार वितरित किए गए। जिनमें सर्वश्रेष्ठ पंडाल, सर्वश्रेष्ठ मेला एवं पूजा व्यवस्था, सर्वश्रेष्ठ मूर्ति साज-सज्जा एवं सर्वश्रेष्ठ विद्युत साज-सज्जा है । सर्वश्रेष्ठ पंडाल के लिए जगत जननी दुर्गा पूजा समिति न्यू कॉलोनी को प्रथम एवं कालीपुर टाउन दुर्गा पूजा समिति को द्वितीय स्थान के लिए, वहीं सर्वश्रेष्ठ मेला एवं पूजा व्यवस्था व्यवस्था के लिए राजराजेश्वरी दुर्गा पूजा समिति शेखपुरा को प्रथम एवं श्री श्री सिद्धेश्वरी दुर्गा मंदिर पूजा समिति को दूसरा स्थान, सर्वश्रेष्ठ मूर्ति साज सज्जा के लिए रामचंद्र हटिया बाजार पूजा समिति को प्रथम तथा पहाड़ अंगना दुर्गा पूजा समिति लालगढ़ को दूसरे स्थान के लिए चयनित किया गया । सर्वश्रेष्ठ विद्युत साज-सज्जा के लिए पुरानी धर्मशाला दुर्गा पूजा समिति गांधी चौक को प्रथम एवं पूल पार दुर्गा पूजा समिति को द्वितीय स्थान के लिए चयनित किया गया ।40 प्लस क्लब के सदस्यों की टीम ने सभी पूजा समितियां को उनके पंडाल में जाकर सम्मानित किया । मौके पर क्लब के सदस्यों में संजय सिंह, रामाशंकर राय, संजीत झा, कुंदन भगत,मंगल यादव ,विकास सिंह, पंकज राय ,गुड्डू वर्मा, मुन्ना गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे ।

## मधुपुर का सौहार्द ना बिगड़े इसको लेकर नागरिक समिति की बैठक



**मधुपुर।** मधुपुर शहर के रेड क्रॉस सभागार में नागरिक समिति की एक बैठक अरविंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें बीती रात शहर के चांदमारी मोहल्ले में मूर्ति विसर्जन को लेकर दो समुदाय के बीच विवाद उत्पन्न हुआ था उसे विवाद को शहर का आपसी सौहार्द ना बिगड़े इसको विवाद को दोनों पक्षों से बात समाप्त करने का पहल की गई। समिति ने यह निर्णय लिया कि मधुपुर की मधुपुरियत को कभी खत्म नहीं होने देंगे और ना ही मधुपुर में इस तरह का माहौल से कलंकित होने देंगे। वहीं बैठक में मुख्य रूप से मधुपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र प्रसाद को आमंत्रित किया गया था।

मौके पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव महेंद्र घोष, पूर्व नपा अध्यक्ष फैयाज कैसर, पूर्व प्रखंड प्रमुख सुबल प्रसाद सिंह उर्फ़ बंसी सिंह, मोहम्मद शाहिद उर्फ फेकू, कन्हैया लाल कन्नू, ऐनुल होदा, सुल्तान अहमद,पुर्व कमांडेड ए के सिंह, अधिवक्ता गोल्डी खान, राकेश वर्मा, अस्तानंद झा आदि मौजूद थे।

# 50 लाख का अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

### पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब से लदी पेटियां उक्त ट्रक से डुमरी -गिरिडीह मार्ग पर किया जब्त

**श्रम बिंदु /गिरिडीह।**



पुलिस ने एक बड़े ट्रक में लोड 50 लाख रुपए मूल्य के अवैध अंग्रेजी शराब जब्त किया।

जिले के मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात करीब 10:40 बजे डुमरी - गिरिडीह मार्ग पर धावाटांड़ के निकट एक 12 चक्का ट्रक संख्या यूपी 20 एटी 1840 के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर पुलिस को मिली। सूचना पर पुलिस गश्त दल जब धावाटांड़ पहुंची तो देखा कि उक्त ट्रक में भूसा लदा हुआ है और उससे स्पिरिट की तेज दुर्गंध आ रही थी। लेकिन ट्रक पर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। वहीं पुलिस बल द्वारा उक्त ट्रक पर लदे भूसा को हटाकर देखा गया तो पाया कि उक्त ट्रक में भारी मात्रा में अवैध शराब की पेटियां लोड हैं, जो संभवतः तस्करी हेतु ले जाया जा रहा था। मधुबन थाना प्रभारी द्वारा अग्रतर कार्यवाही करने के साथ ही उक्त ट्रक एवं उस पर लदे हुए अवैध शराब को कब्जे में लेकर विधिवत जब्त कर लिया गया।एसडीपीओ डुमरी सुमित प्रसाद ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि उक्त शराब का अनुमानित मूल्य लगभग 50 लाख रुपए है। उक्त ट्रक पर रॉयल सन ग्रीन गोल्ड व्हिस्की(180एमएल) 193 पेटी में भरे हुए 9264 बोतल, रॉयल्स सन ग्रीन गोल्ड व्हिस्की 196 बोतल(180एमएल) रॉयल्स सन ग्रीन गोल्ड व्हिस्की(375एमएल) 165 पेटी में 3960 बोतल, रॉयल सन ग्रीन गोल्ड व्हिस्की(750एमएल) 120 पेटी में 1440 बोतल और 750 एमएल के 545 बोतल, 180 एमएल के सफेद बोर में 540 बोतल 375 एमएल के 9460 बोतल, 750 एमएलसी 2525 बोतल पाए गए ।उक्त जानकारी एसडीपीओ डुमरी ने दी।

## 14.5 करोड़ योजनाओं का किया शिलान्यास





**जामताड़ा ।** जामताड़ा विधायक सह ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी के आवास में जिले के लगभग साढे 14 करोड़ योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया गया। इस मौके पर जामताड़ा उपयुक्त कुमुद सहाय, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, परियोजना निदेशक जुगनू मिंज, पंचायती राज पदाधिकारी के अलावा कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बताते चले की विधानसभा चुनाव को लेकर संभावित आचार संहिता लागू होने जा रही है इसको लेकर तमाम राजनीतिक पार्टियों एवं अधिकारी रेस में है। वहीं जिले में स्वीकृत किए गए योजनाओं का निर्माण कार्य अधर में ना लटके इसको देखते हुए। मंत्री इरफान अंसारी के गैर मौजूदगी में ऑनलाइन शिलान्यास किया गया। वही जानकारी देते हुए जामताड़ा उपयुक्त कुमुद सहाय ने बताया कि डीएमएफटी फंड से लगभग ढाई करोड़ एवं जिला योजना से 11 करोड़ 78 लख रुपए की सड़क एवं पुलिया निर्माण की योजना की स्वीकृति दी गई है जिसका आज शिलान्यास किया गया। वहीं मौके पर पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने बताया कि हमारी सरकार ने जितने योजनाएं लेकर आई इसका चवन्नी भी भाजपा ने 18 सालों में नहीं लाया तो निश्चित तौर पर यह सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला शिकायत निवारण समिति एवं आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा बैठक का किया आयोजन....

### उपायुक्त ने बीमा कम्पनी को ससमय भुगतान करने एवं भुगतान की प्रक्रिया को सुगम बनाने का दिया निदेश....

**देवघर।**





उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला शिकायत निवारण समिति एवं आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने प्रखण्डवार तरीके से योजना से आच्छादित लाभुकों की संख्या एवं शेष बचे लाभुकों को योजना से निबंधित करने की दिशा में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों, एमओआईसी व आयुष्मान मित्र को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने जिला अन्तर्गत निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप शत प्रतिशत लोगों को योजना से निबंधित करने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए शत प्रतिशत लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही बीमा कंपनी को भी समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के अलावा भुगतान की प्रक्रिया कैसे सुगम हो, इसपर भी विचार विमर्श किया गया। आगे बैठक के दौरान योजना के तहत गलत तरीके से क्लेम कर योजना का लाभ लेने वालों पर कड़ी निगरानी के साथ दस्तावेजों की वेरिफिकेशन एवं योजना के क्रियान्वयन, संचालन एवं भुगतान में आने वाली समस्याओं के निदान को लेकर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया, ताकि सरकारी व निजि अस्पतालों में योजना से संबंधित क्लेम का ससमय निपटारा किया जा सके। साथ ही उपायुक्त ने बीमा कंपनी को अस्पतालों को ससमय भुगतान करने एवं भुगतान की प्रक्रिया सुगम बनाने को कहा। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग, आयुष्मान भारत, एवं जिला समाज कल्याण विभाग के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभगार में आयोजित की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन एवं सभी प्रखण्ड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निदेशित किया कि सदर अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल एवं सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को पंजीकृत किया जाय। उपायुक्त ने आयुष्मान भारत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निदेश सिविल सर्जन को दिया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना की लाभ की जानकारी मिले और वो इस योजना का लाभ ले सके। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निदेशित किया कि सभी सरकारी अस्पताल, सी0एच0सी0, पी0एच0सी0 के अलावे जिले के जितने भी निजी अस्पताल इस अभियान से जुड़े है उनकी सूची की समुचित जानकारी लाभुको के बीच साझा किया जाए, ताकि शत प्रतिशत सुयोग्य लाभुकों को योजना के लाभ से लाभान्वित किया जा सके।

उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त नवीन कुमार, सिविल सर्जन डॉ0 रंजन सिन्हा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नरेश रजक, सभी प्रखण्डों के एमआईसी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, जिला आयुष्मान कॉ-ऑर्डिनेटर, सभी आयुष्मान मित्र एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

# गोंदलपुरा में कोल कंपनियों के खिलाफ विशाल जनसभा का आयोजन




**बड़कागांव ।**

कर्णपुरा बचाओ संघर्ष समिति गोंदलपुरा के बैनर तले पंकरिया टोला फुटबॉल मैदान में एनटीपीसी अडानी, एवं जेएसडब्ल्यू व अन्य कोल कंपनियां के खिलाफ ग्रामीणों ने विशाल आम सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला ने किया। इस जनसभा के मुख्य अतिथि माले नेता आरा सांसद सुदामा प्रसाद, माले विधायक शिव प्रकाश रंजन व अन्य उपस्थित हुए। ग्रामीणों ने चंदौल बाध में आर एंड आर क्लोनी के लिए जमीन नहीं देंगे जैसे कई नारे लगाए। बता दें कि ग्रामीणों के द्वारा 541 दिनों से भी अधिक समय से लोग कंपनी के खिलाफ धरना दें रहें हैं। ग्रामीण कंपनियों को अपना जमीन नहीं देना चाह रही है। इस धरने को समर्थन देने एवं वास्तु स्थिति से अवगत होने के लिए माले के कई कार्यकर्ताओं शामिल हुए। भू रैयतों को संबोधित करते हुए माले आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि लोकसभा के शीतकालीन सत्र में गोंदलपुरा कोल आवंटन के मामले को लेकर आवाज उठाने की आश्वासन दिया। मोदी जी ईस्ट इंडिया कंपनी के रास्ते पर चलकर कंपनी को लाकर लुटवाना चाह रहे हैं। सरकार की कंपनियों के समर्थन की नीति को लेकर बड़कागांव, झारखंड - बिहार में फिर से महाभारत होगा, यह महाभारत गरीब किसान एवं बेरोजगार लोग करेंगे।
जल जंगल जमीन हमारा है और अडानी यहां पर आकर कोयला निकालेगा यह नहीं चलेगा। कंपनी का खतरा केवल गोंदलपुरा के लिए नहीं है यह झारखंड और पूरे देश के लिए है। माले विधायक शिव प्रकाश रंजन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गोंदलपुरा की धरती पर जल, जंगल, जमीन, नदियां एवं निवास कर रहे लोग नहीं दिखते हैं, सरकार को भूमि के अंदर खनिज दिखती है। उस खनिज के लिए लोगों को बेघर करने के लिए तुली हुई है। अंत में पूर्व मुखिया दीपक दास ने गीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। वहीं जनसभा का धन्यवाद ज्ञापन मुखिया वासुदेव यादव ने किया। मौके पर मुख्य रूप से आरा सांसद सुदामा प्रसाद, माले विधायक शिव प्रकाश रंजन,राजधनवार पूर्व विधायक राजकुमार यादव, मिथिलेश सिंह, बीएन सिंह, महेंद्र पाठक, जिला सचिव पचू राणा, प्रमुख फुलवा देवी, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख बचन देव कुमार, मुखिया बसदेव यादव, इलियास अंसारी, डॉ मिथलेश दांगी, पूर्व मुखिया भीखन महतो, दीपक दास, अनुरुद्ध कुमार, विनय कुमार उर्फ विकास, अरुण कुमार, मो इब्राहिम के अलावा सैकड़ों भू रैयत उपस्थित थें।

न्यूज़ अपडेट

## बरही रियाडा इंडस्ट्रियल क्षेत्र में सड़क पर बना गढ्डा दे रहा है घटना का संकेत, प्रबंधन की आंखें है बंद



**श्रम बिंदु बरही।** जो तस्वीर आप देख रहे हैं ये कहीं और का नहीं है बल्कि यह भयावह तस्वीर बरही बाय पास स्थित रियाडा अधिग्रहित इंडस्ट्रियल इलाका का है। जहां सड़क पर पिछले कई महीनों से एक बड़ा सा गढ्डा बना हुआ है। धनबाद और गया की ओर हजारों की संख्या में छोटी बड़ी गाड़ियां हर रोज़ इस ओर से गुजरती है। गढ्ढे इतना भयावह है कि थोड़ी सी चूक बड़ी घटना हो सकती है। इसकी सूचना अप्रत्यक्ष रूप से संबंधित विभाग को कई बार दिया गया है लेकिन अभी तक इसका कोई भी समाधान का पहल नहीं किया गया है। इस उदासीनता से ऐसा प्रतीत हो रहा है के संबंधित विभाग की आंखें बंद है या कोई बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं।

## सुनील कुमार सिंह बने नवनिर्मित सीकरी के थाना प्रभारी पदभार ग्रहण किया




**बड़कागांव ।** बड़कागांव ,केरेडारी मुख्य पथ स्थित राजाबागी में एनटीपीसी एमडीओ कॉलोनी के समीप पदस्थापित नवनिर्मित सिकरी थाना के सुनील कुमार सिंह को नए थाना प्रभारी के रूप में पदस्थापित किया गया।श्री सुनील 2018 बैच के हैं।इससे पूर्व देवघर जिला में 5 साल इन्होंने थाना प्रभारी के पद पर रहकर कार्य किया है। उसके बाद हजारीबाग पुलिस केंद्र में थे।थाना प्रभारी ने बताया कि इस थाने के अंतर्गत दो पंचायत बरखा गांव प्रखंड अंतर्गत सिकरी पंचायत, एवं केरेडारी प्रखंड अंतर्गत के गर्रीकला पंचायत दर्जनों गांव आएंगे। आगे उन्होंने कहा की विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को ग्रामीणों से आपसी सम्मानजस बनाकर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा।

## मुखिया संघ व पंचायत समिति सदस्यों ने नए बीडीओ से की मुलाकात

- बीडीओ ने पंचायतों के विकास में सहयोग का दिया आश्वासन



**श्रम बिंदु बरही।** बरही मुखिया संघ व पंचायत समिति सदस्यों ने बरही में नव पदस्थापित बीडीओ जयपाल महतो का स्वागत करते हुए एक दूसरे का सहयोग करने का आश्वासन दिया। मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि बरही के पंचायतों का विकास बिना प्रशासनिक सहयोग के नहीं हो सकती है। बरही की पूर्व बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने बरही के सभी 20 पंचायतों के विकास में अपना पूरा सहयोग दिया था। बरही मुखिया संघ चाहता है कि जैसा सहयोग पूर्ववत मिलता रहा वैसा ही सहयोग संघ को अपेक्षित है। वहीं पंचायत समिति सदस्यों ने भी पंचायत के विकास में सहयोग देने की अपील की। वहीं बीडीओ जयपाल महतो ने मुखिया संघ व पंचायत समिति सदस्यों को आश्वासन दिया कि वह हर संभव सहयोग करेंगे। बरही के सभी पंचायतों का विकास और ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करना उनका दायित्व है। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया शमशेर आलम, मनोज कुमार, छोटन ठाकुर, सिकंदर राणा, गोविंद साव, मूर्ति देवी, मुखिया प्रतिनिधियो में रंजन ओम, हरेंद्र गोप, विशेश्वर यादव, मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे। वहीं पंचायत समितियों में उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, जीतू ठाकुर आदि उपस्थित थे। इधर डीलर संघ के लोगों ने भी नए बीडीओ का स्वागत किया। मौके पर डीलर संघ के अध्यक्ष डोमन पांडे, सुखदेव साहू, अर्जुन रविदास, बंटी कुमार, प्रदीप यादव, नंदकिशोर गुप्ता, दशरथ रजक आदि मौजूद थे।

## जेबीकेएसएस द्वारा प्रखंडों के कई दुर्गा पूजा पंडालों में वितरण की गए सैकड़ों पौधे

**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।**



झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर महानवमी, विजयदशमी एवं एकादशी के दिन मांडू विधानसभा के युवा नेता इंजीनियर मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में जल, जंगल और जमीन बचाव जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत विभिन्न मां दुर्गा पूजा पंडालों में शिरकत कर माता रानी के दरबार में प्रखंड एवं जिला कमिटी टीम के साथ पूजा कमिटी एवं श्रद्धालुओं के बीच पौधा वितरण किया गया। इस दौरान मुकेश महतो ने कहा कि जिला और प्रखंड कमिटी के साथ लगातार तीन दिनों से माता रानी के दरबार में पहुंचकर जल ,जंगल और जमीन बचाव पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का काम कर रहे हैं। दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचे अधिक से अधिक संख्या में लोगों तक पहुंचने का बेहतर उपाय था, जो हमलोगों ने बखूभी इस मिशन के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का काम किया। साथ ही उन्होंने बताया कि मांडू, डाड़ी प्रखंड में लगे कई फैक्ट्रियों से निकलने वाले प्रदूषित धुआं से वातावरण दूषित हो रहे हैं, जल प्रदूषित हो रहे हैं। अशुद्धता की वजह से कैंसर जैसे कई बीमारियों से लोग पीड़ित हैं। कोयला और पत्थर खनन के लिए लोगों के जमीनों को लुटा गया है, जंगलों को उजाड़ा गया है। बहुत ही दुर्भाग्य है की अभी तक स्थानीय नेताओं द्वारा जनता के हित में कोई पहल नहीं की गई है। आगामी विधानसभा चुनाव में जेबीकेएसएस (जेएलकेएम) विधानसभा चुनाव जीत कर आती है तो शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पलायन पर रोक, स्थानीय एवं नियोजन नीति, विस्थापन नीति, पर्यावरण सरंक्षण जैसे कई नए नियमों के साथ जनता के हित में पूरे मांडू विधानसभा में बेहतर कार्य करेगी। मौके पर जिला अध्यक्ष सह उप प्रमुख सरयु साव, कौलेश्वर महतो, सुरेश कुमार, भूपेंद्र महतो, सन्नी कुमार, गंगाधर कुमार, नरेश महतो, प्रदीप कुमार, विशेश्वर कुमार, गुलाब महतो, निर्मल महतो, धानेश्वर महतो, बिनोद कुमार, राजकिशोर महतो, संतोष कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## बरही में धूमधाम से मां दुर्गा को दी गई विदाई, अगले वर्ष फिर आने को कहा



**श्रम बिंदु बरही।** बरही : बरही में शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में शारदीय नवरात्रा पर्व संपन्न हुआ। विजय दशमी बीतने के बाद आदि शक्ति मां दुर्गा को श्रद्धालुओं ने सोमवार देर संध्या नम आंखों से विदा किया। इस दौरान गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई, जो बरही के चारों प्रमुख मार्गों का भ्रमण करने के बाद जवाहर घाट स्थित नदी पहुंचे, जहां पूजा अर्चना करने के बाद विदाई दी गई। शोभा यात्रा सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति पटना रोड, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति धनबाद रोड आदि के द्वारा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओ की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं भारी संख्या महिलाएं भी शामिल थे। इस दौरान प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद था। मौके पर एसडीओ जोहान टुडू, डीएसपी अजीत कुमार विमल, सीओ अमित किस्कू, बीडीओ जयपाल महतो, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू, सामाजिक दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष उदय केशरी, पटना रोड पूजा समिति अध्यक्ष दिनेश साहू, धनबाद रोड पूजा समिति अध्यक्ष छोटन ठाकुर, मुखिया सिकंदर राणा, सुनील साहू, विनय साव, शिवा निषाद, सुरेंद्र निषाद, बलराम केशरी, अभिषेक निषाद, शैलेंद्र गुप्ता, दुखन चंद्रवंशी, विश्वनाथ माली, अजीत निषाद, राजन चंद्रवंशी, पप्पू केशरी, सुजीत सिंह, रितेश गुप्ता, भुनेश्वर साव, नागेंद्र साव, बिपिन सिन्हा, कपिल साव, नागेश्वर ठाकुर आदि भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## सार्वजनिक दुर्गा मंदिर रमुआ में मां दुर्गा को दी गई भावभीनी विदाई

**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।**



विष्णुगढ़ के रमुआ स्थित सार्वजनिक श्री श्री दुर्गा मंदिर में स्थापित मां दुर्गा को पारम्परिक ढोल नगाड़ों के बीच महिलाओं ने सिन्दूर खेल कर मां को भावभीनी विदाई दी गई। माँ को विदाई देने के लिए हजारो की तादाद में भक्तगण माँ दुर्गा का जयकारा लगाते हुए भव्य शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमन करते हुए प्रसिद्ध बड़कीबाँध में प्रतिमा को नम आँखों से विदाई देते हुए विसर्जित की गई। श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों ने पूर्ण व्यवस्था के साथ नवरात्रि के दौरान प्रत्येक कार्यक्रम को विधिवत आयोजित कर दशहरा पर्व को सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। दुर्गा पूजा में विष्णुगढ़ पुलिस प्रशासन ने भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पूजा के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
नगरभ्रमन के दौरान मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार बरनवाल (दीपू भाई), उपाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह, सचिव अजय कुमार, सह- सचिव मुकेश कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष शशि कुमार लाहकार, उप- कोषाध्यक्ष अजय कुमार बरनवाल, मीडिया प्रभारी जीवन सोनी, कार्यकारिणी सदस्य मनोज यादव, प्रकाश प्रसाद बर्मन, कारू प्रजापति( बड़ा), कारू प्रजापति (छोटा), माणिक यादव, सुरेश कुमार चंद्रवंशी, संजय कुमार(बबलू), किशोर कुमार मंडल, अरुण कुमार सिन्हा समेत सभी सदस्यगण शामिल रहे। दुर्गा पूजा के प्रारंभ और निर्माण से जुड़े अभिभावकों को श्री श्री दुर्गा पूजा समिति में बतौर संरक्षक, पथप्रदर्शक के तौर पर शंभूलाल यादव, गुरुप्रसाद साव, जयवीर प्रसाद बर्मन, किशोर कुमार मंडल, विनोद सिंह, मिश्रीलाल आजाद, त्रिवेणी प्रसाद बर्मन के अलावा हजारो की सँख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## घर में लगी आग नकद समेत लाखों का सामान जलकर राख



**श्रमबिंदु इचाक ।** इचाक : विजयदशमी के दिन जहाँ एक तरफ लोग दशहरा का उत्सव मना रहे थे, वहीं दूसरी तरफ कारी माटी गांव में एक गरीब का मिट्टी का खपरेल घर धुँ धुँ कर जल रहा था. मामला थाना क्षेत्र के छोटकी कारी माटी का है. प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटकी कारीमाटी गांव निवासी राजेश राम (पिता बुलाकी राम ) विजय दशमी के दिन अपने मूंगफली के खेत में काम कर रहे थे. परिवार के बाकी सदस्य भी राजेश राम के साथ ही खेत में काम कर रहे थे. शाम के लगभग 4 बजे किसी ने राजेश राम के घर से धुंवां उठते देखा और शोर मचाया. घर में आग लगने की खबर सुनते ही राजेश राम और उनके परिजन खेत का काम छोड़ भागते हुए घर पहुंचे. और आग की लपटे देख हैरान रह गए. घटना की खबर सुन ग्रामीण दौड़ पड़े जिसके बाद आनन फानन में ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. लेकिन तबतक काफी देर हो चुकी थी. राजेश राम ने बताया की आगलगी की घटना में एक दीवान पलंग, एक फ्रीज़, एलमीरा, दो मोबाइल, एक एलइडी टीवी, जेवर, कपडे, अनाज, आलू, गेहूं, चावल, और नगद 85000/- रुपये समेत लगभग 4लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है. वहीं घर का छप्पर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है. उन्होंने बताया कि अपने परिवार में लड़की कि शादी को लेकर धीरे धीरे दहेज़ का सामान इकठ्ठा किया जा रहा था. अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है. आशंका जताई जा रही है कि संभवतः शार्ट सर्किट आग लगने का कारण हो सकता है.

## विधायक ने दस्तावेज नवीस कर्मियों के लिए कॉर्पोरेट सेड बनाने का किया अनुशंसा

**श्रम बिंदु बरही।**



बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने उप विकास आयुक्त हजारीबाग को 15 अक्टूबर 2024 को बरही निबंधन कार्यालय के दस्तावेज नवीस कर्मियों के लिए सेड निर्माण के लिए अनुशंसा पत्र दिया है। पत्र में बरही प्रखंड के निबंधन कार्यालय परिसर में नवीस कर्मियों के लिए कॉर्पोरेट सेड एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए एनआरईपी योजना से 5 लाख स्वीकृत किया है। यह योजना उप विकास आयुक्त के पास से स्वीकृत होकर बरही अंचल कार्यालय पहुंचा भी है। इस कार्य को प्रगति देने के लिए दस्तावेज नवीस कर्मियों ने अंचल में भूमि प्रतिवेदन के लिए आवेदन भी दे चुका है। लेकिन इस दौरान बरही सीओ का स्थानांतरण और पदस्थापन के बीच आगे की विभागीय करवाई नहीं हुई है। दस्तावेज नेवीस के कर्मी ने इस बात की जानकारी दी। आगे कहा कि निबंधन कार्यालय परिसर में सेड नहीं रहने कारण दस्तावेज नवीस कर्मियों को मौसम का परेशानी उठानी पड़ती है। जिसको देखते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने इस योजना का अनुशंसा किया है।


# मुख्यमंत्री द्वारा 220/33 केवी बिजली ग्रिड सब स्टेशन पंकरी बरवाडीह का ऑनलाइन शिलान्यास का विधायक अंबा प्रसाद ने किया भूमि पूजन

**बड़कागांव ।**




झारखंड उर्जा संचरण निगम लिमिटेड के द्वारा पंकरी बरवाडीह में 220/33 केवी बिजली ग्रिड सब स्टेशन निर्माण का मुख्यमंत्री द्वारा सोमवार को ऑनलाइन शिलान्यास किया गया ।वहीं विधायक अंबा प्रसाद ने भूमिपूजन किया। इस मौके पर झारखंड उर्जा संचरण निगम लिमिटेड के पदाधिकारी मौजूद रहे।
इस विशेष पर ग्रामीणों एवं बिजली विभाग के पदाधिकारी के द्वारा ने विधायक का स्वागत किया गया। इस अवसर पर एलसीडी के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा ऑनलाइन शिलान्यास कार्यक्रम को दिखाया गया। तत्पश्चात एक सभा की गई जिसमें विधायक ने कहा कि चुनाव जीतने के समय से ही बिजली की समस्या का हल कैसे हो इसका समाधान ढुढ़ते रहे और बिजली विभाग के कनीय पदाधिकारियों के साथ मीटिंग करते रहे । और उन्होंने रास्ता बताया कि ग्रिड का निर्माण हो जाने से बिजली समस्या से निजात मिल पाएगा ।और मेरे द्वारा विधानसभा में आवाज उठाने के बाद कैबिनेट की बैठक में स्वीकृती हुई और लगभग 33 करोड़ की लागत ग्रिड सब स्टेशन का निर्माण किया जाएगा।
ग्रिड बनने पर बड़कागांव केरेडारी टंडवा डेमोटांड़ औधौगिक क्षेत्र के लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति हो पाएगी ।इससे एक वर्ग या समाज के लोगों को नहीं बल्कि सभी लोगो को लाभ मिलेगा। 24 घंटा बिजली जारी रहेगा ।कल कारखाने उद्योग धंधे लगेंगे जिससे लोग रोजगार से जुड़ेंगे ।एनटीपीसी से बोल कर एनटीपीसी के बिजली सब स्टेशन के अंदर ही एनटीपीसी ने जमीन देने की स्वीकृति दिलाई। और ग्रिड का निर्माण का शिलान्यास किया गया । वहीं आगे उन्होंने बताया कि मचवाटांड,सिमराजरा, पंदनवाटांड में बिजली जल्द से जल्द पहुंचाया जाएगा ।बड़कागांव केरेडारी,टंडवा डेमोटांड़ औधौगिक क्षेत्र डीवीसी की लोड शेडिंग से हमेशा के लिए मुक्त हो जाएंगे। इस मौके पर बिजली विभाग के हजारीबाग प्रक्षेत्र पांच के महाप्रबंधक मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि इस पंकरी बरवाडीह ग्रिड में 65 एमवीए के दो उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा जिससे लोगों को लो वोल्टेज, ब्रेक डाउन या अन्य समस्या से जुझना नहीं पड़ेगा और बड़कागांव,केरेडारी, टंडवा,एंव डेमोटांड़ के सैकड़ों गांव के लोग लाभान्वित होंगे। साथ उक्त सभी क्षेत्र मे झारखंड सरकार की बिजली आपूर्ति की जाएगी और डीवीसी की बिजली आपूर्ति से क्षेत्र मुक्त हो जाएगा ।ग्रिड चालू हो जाने से बड़कागांव के 33 केवी इनकंमिग लाइन की लंबाई महज 2.5 किलोमीटर रह जाएगी जो कि वर्तमान में लगभग 45 किलोमीटर है जिससे वोल्टेज की समस्या उत्पन्न नहीं होगा।
बड़कागांव में निर्बाध विद्युत आपूर्ति होगी एंव कल कारखानों को लगाने के लिए गुणवत्ता पुर्ण विद्युत उपलब्ध होगी।
क्षेत्र के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज उपलब्ध होगी ।क्षेत्र में ट्रांसफारमरों को जलने की संख्या में अभुतपुर्व कमी आएगी। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद,संचरण महाप्रबंधक मुकेश कुमार सिंह हजारीबाग प्रक्षेत्र ,उपमहाप्रबंधक राजलाल पासवान, महाप्रबंधक वितरण दिनेश कुमार सिंह, उपमहाप्रबंधक अशोक कुमार उपाध्याय,एंव एनटीपीसी विद्युत महाप्रबंधक बसंत कुमार बेहरा, एसडीओ अरविंद कुमार, जेईई प्रभास कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वरनाथ चौबे,बीस सुत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, दिनेश साव, तिलेश्वर साव,जगदीश साव, चंद्रिका साव, अहमद उल्ला,आनंद कुमार,दिपु साव,राजु कुमार राणा,प्रेम साव, नरसिंह सोनी,रोहित कुमार,सूरज कुमार,एमडी परवेज, मनोज कुमार,अशोक राम सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## अबूआ आवास हो या पीएम आवास अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उप प्रमुख



**श्रमबिंदु इचाक ।** उप प्रमुख सत्येंद्र मेहता ने कहा कि अबुआ आवास हो या पीएम आवास किसी कीमत पर अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूर्व में भी पंचायत समिति की बैठक में प्रमुख , उप प्रमुख की निगरानी में जांच कमेटी बनाने की बात प्रस्ताव में लिया गया था। पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा उसे न मानते हुए आज तक उस बिंदु पर किसी तरह का पहल नहीं किया गया ।यदि गड़बड़ी की सत्यता साबित होती है तो राज्य सरकार की जांच एजेंसी द्वारा जांच कर दोषियों को जेल भेजने का काम किया जाएगा। प्रखंड वासियों से अपील करते हुए कहा कि यदि आवास के योग्य लाभुकों को लेनदेन के कारण आवास का लाभ नहीं दिया गया हो तो प्रखंड कार्यालय कक्ष में संपर्क करने का कष्ट करें ताकि इस समस्या का निदान निकाला जा सके कुछ लोगो के कारण प्रखंड और अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है भ्रष्टाचार के खिलाफ आम जनता का सहयोग रहा तो मामले को उच्च न्यायालय तक ले जाया जायगा भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ी जायगी

## न्यूज अपडेट

### साक्षर आरक्षी से नव प्रोन्नत 80 सहायक अवर निरीक्षकों को प्रतीक चिन्ह लगाया गया



**बोकारो ।** कोयला क्षेत्र बोकारो पुलिस उपमहानिरीक्षक के कार्यालय प्रांगण में साक्षर आरक्षी से नव प्रोन्नत प्राप्त कुल 112 सहायक अवर निरीक्षक में से 80 सहायक अवर निरीक्षकों को पिपिंग समारोह मे उनके रैंक का प्रतीक चिन्ह लगाया गया इस समारोह में पुलिस उपमहानिरीक्षक कोयला क्षेत्र बोकारो सुरेंद्र कुमार झा , पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय अनिमेष गुप्ता,नगर पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन एवं सार्जेंट मेजर जॉय प्रभाकर लकड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे इन सबों ने नव प्रोन्नत प्राप्त सहायक अवर निरीक्षकों को उनके रैंक का प्रतीक चिन्ह लगाया। इस मौके पर पुलिस उपमहानिरीक्षक कोयला क्षेत्र सुरेंद्र कुमार झा ने सभी नव प्रोन्नत सहायक अवर निरीक्षकों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गाजे बाजे के साथ कोनार नदी में दुर्गा माता के प्रतिमा का विसर्जन किया गया

**बोकारो थर्मल श्रमबिंदु।** बोकारो थर्मल पंचमंदिर एवं बोकारो थर्मल क्लब में स्थापित दुर्गा माता की प्रतिमा का विसर्जन सोमवार की रात्रि कोनार नदी में कर दिया गया।इस दौरान भारी संख्या में बोकारो थर्मल थाना की पुलिस विसर्जन में शामिल रही। यहां पंच मंदिर एवं बोकारो क्लब के दुर्गा पूजा समिति के लोग प्रतिमा के साथ जुलुश निकाले जो रेलवे स्टेशन चौक, रेलवे गेट, झारखंड चौक होते हुए कोनार नदी गाजे बाजे के साथ पहुंचे एवं मां दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन किए। इस अवसर पर बोकारो थर्मल थाना प्रभारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, एसआई दीपक पासवान सहित मंदिर समिति के पदाधिकारी योगेन्द्र गिरी, भुनेश्वर साव, जोधन नायक, उपप्रमुख बिनोद साव ,रत्नेश शर्मा सहित कई लोग शामिल थे।



### दशहरा के दशमी दिन मेला में उमड़ा जनसैलाब

**बोकारो।** बोकारो जिला में बने दुर्गा पूजा पंडालों में माता के दर्शन सहित मेला में घूमने वालो की जनसैलाब दशहरा के दशमी दिन में उमड़ पड़ा ,खासकर बोकारो के सेक्टर 2 सी पूजा पंडाल में जनसैलाब उमड़ पड़ा था ,महिला ,पुरुष ,बच्चे , बच्चियां,बुजुर्ग सभी काफी संख्या में मेला का आनंद लेने के लिए मेला का भ्रमण किए ,सभी ने माता का दर्शन सहित मेला में लगे विभिन्न झूला का आनंद लेते देखे गए ,विभिन्न स्टालों में खाना का लुप्त व अपनी अपनी जरूरत की समान खरीदते दिखे ,सभी उत्साह पूर्वक मेला का भरपूर आनंद लिए ,भीड़ ज्यादा होने के बाद भी लोगो का हुजूम कम नही था ,सेक्टर 9 ,सेक्टर 12, सेक्टर चार ,माराफारी ,चास आदि जगहों में भी लोगो का हुजूम काफी संख्या में देख गया ,पूजा समितियों के द्वारा पूजा पंडालों में सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा लगा दिया गया था ताकि किसी भी अनहोनी घटना सहित मनचलों युवकों पर कडी नजर रखा जाय , हर पूजा पंडालों में पुलिस प्रशासन तैनात दिखे ,साथ ही एंबुलेंस की भी व्यवस्था रखा गया था ।



### इस वर्ष भी रोटरी क्लब चास द्वारा सर्वश्रेष्ठ दुर्गा पूजा समितियों को पुरस्कृत किया जाएगा -संजय बैद

**बोकारो ।** विगत सत्रह वर्षों की भांति इस वर्ष भी रोटरी क्लब चास द्वारा चास-बोकारो के शहरी क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ दुर्गा पूजा समितियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा । रोटरी क्लब के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा की अच्छे कार्य की प्रशंसा और प्रोत्साहन जरूरी है। रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा की शहर में अत्यंत धूमधाम से दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया जाता है। पूजा समितियां एवं उनके कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास का परिणाम है कि इतनी भव्य पूजा लोगों को देखने मिलती है। ऐसे में समाज का दायित्व बनता है कि पूजा समितियां को प्रोत्साहन हेतु पुरुस्कृत किया जाए। संजय बैद ने कहा कि इससे और बेहतर करने का उनका मनोबल बढ़ता है। कार्यक्रम के संयोजक नरेंद्र सिंह ने कहा की अलग-अलग श्रेणियां रखी गई है, जिनके अनुसार पूजा पंडाल को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। नरेंद्र सिंह ने बताया की सर्वश्रेष्ठ पंडाल, सर्वश्रेष्ठ मूर्ति साज-सज्जा,सर्वश्रेष्ठ विद्युतीकरण, सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा व्यवस्था, सर्वश्रेष्ठ साफ सफाई, इनके अलावा ओवरऑल चैंपियन आदि पुरस्कार दिए जाएंगे। चास रोटरी क्लब के सचिव मुकेश अग्रवाल ने बताया की एक समारोह आयोजित करके पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा।

### मानदेय राशि की भुगतान नहीं होने से 108 एम्बुलेंस चालकों ने अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे

- **तीन दिनों के भीतर समस्याओ का निराकरण कर दिया जायेगा : सिविल सर्जन**

**बोकारो ।** करीब दो महीनों से मानदेय राशि की भुगतान नहीं होने से नाराज चल रहे एम्बुलेंस चालकों ने बीते दिन से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया. चालकों ने कहा की हमें अपने किये कार्यों की मजदूरी नहीं दी जाती है, 30 दिन ड्यूटी करने पर कंपनी द्वारा 26 दिन की पैसे दी जाती है, सबसे बड़ा त्योहार दुर्गापूजा मे भी भुगतान नहीं किया गया हम अपना परिवार कैसे भरण पोषण करते है , इससे कंपनी एवं प्रशासन दोनों को कोई मतलब नहीं है.108 एम्बुलेंस संचालकों ने कहा की 24 घंटे ड्यूटी पर है, हमलोग न केवल गाड़ी चलाते है बल्कि जिम्मेदारी पूर्वक मरीजों को लाते तथा ले जातें है.लेकिन हमें पीएफ तथा मेडिकल की सुविधा नहीं दी जाती है.साथ ही एंबुलेंस में किसी तरह का दवा, न ग्लोब्स और ना ही किसी तरह का किट ही दिया जाता है दूसरी ओर सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण ने कहा की रात को हड़ताल की खबर मिली थी, मैंने जिला मैनेजर तथा एम्बुलेंस कर्मियों के साथ बैठक की है, तीन दिनों के अंदर समस्याओ का निराकरण कर दिया जायेगा जो हमारे अधिकार क्षेत्र मे है.उन्होंने कहा की एम्बुलेंस की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है, मरीजों को परेशानी नहीं होगी.

# डिस्पैच सेंटर , प्रशिक्षण सेंटर का डीईओ सह डीसी ने किया निरीक्षण

## भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को विधानसभावार ले आउट अविलंब तैयार करने का दिया निर्देश



**बोकारो ।**

आगामी झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर डिस्पैच सेंटर ट्रेनिंग सेंटर के रूप में चिन्हित सेक्टर 8 स्थित डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल एवं 2 बी स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल कलाकेंद्र का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने सोमवार को निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने क्रम वार हाई स्कूल के विभिन्न कमरों का जायजा लिया। संबंधित पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर विभिन्न कमरों को विधानसभावार चिन्हित किया। सामग्री कोषांग ईवीएम कोषांग संचालन को लेकर कमरों को चिन्हित किया। साथ ही मतदान कर्मियों के डिस्पैच के दिन विधानसभावार कर्मियों के प्रवेश निकासी, विधानसभावार वाहन पड़ाव, भोजन आदि के स्टाल को लेकर क्षेत्र का भी निर्धारण किया। उन्होंने भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को पूरे डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल का ले आउट तैयार करने, विधानसभावार कमरों के निर्धारण एवं निकासी प्रवेश द्वार को दर्शाने का निर्देश दिया। सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी को ले आउट अनुरूप साइनेज बार्ड लगाने का निर्देश दिया।वहीं, सेक्टर 2 बी स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल कलाकेंद्र का भी निरीक्षण किया। ट्रेनिंग सेंटर के रूप में चिन्हित विद्यालय सभागार कमरों का जायजा लिया। मतदान कर्मियों के पोस्टल बैलेट से मतदान के संबंध में तैयारियों को पोस्टल बैलेट कोषांग के पदाधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिया। प्रशिक्षण कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी सह डीईओ जगरनाथ लोहरा को पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री का प्रशिक्षण तालिका जारी कर प्रशिक्षण शुरू करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी निरीक्षण क्रम में जरूरी दिशा निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधाकरी सह अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, निर्वाची पदाधिकारी गोमिया सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, निर्वाची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, निर्वाची पदाधिकारी चंदनकियारी सह डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, वाहन कोषांग की नोडल पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेम ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी पियूष, कार्मिक कोषांग की नोडल पदाधिकारी शालिनी खालखो, मीडिया कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## मेडिकल जांच के नाम पर अब नहीं होगी एक भी ठेका मजदूर की छँटनी : राजेंद्र सिंह

### ग्रुप इन्सुरेन्स पर भी मजदूरो की जीतः राजेंद्र सिंह



**बोकारो ।**

बोकारो इस्पात संयंत्र के ठेका मजदूरो की समस्याओ पर की जाने वाली 15 अक्टूबर के हड़ताल तथा 9 एवं 11 अक्टूबर को प्रबंधन के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता में ठेका मजदूरो के मूलभूत मांगों पर जीत को लेकर संयंत्र के कोक ओवन एवं कोक केमिकल्स विभाग में पूरे संयंत्र के ठेका मजदूरों की विशाल सभा हुई। सभा को संबोधित करते हुए संघ के महामन्त्री सह-सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने कहा कि ठेका मजदूरों की चट्टानी एकता ने एक बार फिर प्रबंधन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।मेडिकल चेकअप के नाम पर अब कोई भी मजदूर काम से बाहर नहीं होगा।मेडिकल चेकअप अब एक माह पूर्व से नहीं बल्कि तीन माह पूर्व से होगी और अगर किसी मजदूर का मेडिकल रिव्यु होता है तो तीन माह के भीतर हीं उनका रिव्यु करा लिया जायेगा,फिर भी बैक लॉग बढ़ता है तो एक साथ कैम्प लगाकर एक हीं दिन में सभी बैक लॉग को खत्म कर सभी का सेफ्टी ट्रेनिंग कराया जायेगा। सभी मजदूरों को अब मेडिकल जाँच के उपरांत जाँच पर्ची बी.जी.एच. उपलब्ध करायेगा और जरूरत के अनुसार ई.एस.आई.सी. को रेफर करेगा ताकि अगर किसी मजदूर को रेस्ट की जरूरत हो तो उनका वेतन चालू रखते हुए,उन्हें रेस्ट दिया जा सके।ग्रुप इन्सुरेन्स पर भी प्रबंधन ने युनियन एवं मजदूरों की मांग को जायज मानते हुए सहमती जतायी।सभी ठेका मजदूरों के लिए 10 लाख का ग्रुप इन्सुरेन्स होगा।ग्रुप इन्सुरेन्स के प्रीमियम की राशि बहुत हीं जल्द तय होगी।

श्री सिंह ने कहा कि हड़ताल नोटिस में हमारी मुख्य मांग मेडिकल चेकअप के नाम पर मजदूरो की छँटनी रोकने तथा ग्रुप इन्सुरेन्स पर जीत से हम उत्साहित जरूर हैं मगर लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। नाईट शिफ्ट एलाउंस तथा ग्रेच्युटी पर हमारी लड़ाई जारी रहेगी।प्रबंधन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हमने आपकी कुछ मांगों को मान लिया है,बाकि मांगों के लिए हमें थोड़ा समय दें और संयंत्र हित में हड़ताल को वापस लें नहीं तो संयंत्र को भारी नुकसान होगा।

श्री सिंह ने कहा कि हम एक जिम्मेदार युनियन हैं, हम कभी भी संयंत्र का अहित नहीं सोच सकते हैं ।मगर संयंत्र हित के नाम पर हम मजदूरों के अधिकारो का भी हनन नहीं होने देंगे। आपको थोड़ा समय देते हुए हम 15 अक्टूबर के प्रस्तावित हड़ताल को आगे बढ़ाने की घोषणा करते हैं। प्रबंधन गाँठ बांध ले जब तक मजदूरो के सभी मांगों को पूरा करते हुए 'समान काम का समान वेतन ' नहीं मिलेगा हमारा आन्दोलन जारी रहेगा।इस सभा में श्री सिंह के अलावे शशिभूषण, सुभाष चंद्र कुंभकार, जुम्मन खान, अमित यादव, नवीन तिवारी,शैलेश कुमार, शकील अहमद, नागेंद्र कुमार आदि ने संबोधित किया।

## बीएसएल प्लांट के डीजीएम की सड़क दुर्घटना में मौत



**बोकारो ।**

बीएसएल प्लांट में कार्यरत 45 वर्षीय डीजीएम मुनेंद्र कुमार की मौत हो गई है। तालाब में कार गिरने की वजह से डीजीएम खुद को बचा नहीं सके, जबकि कार में सवार बेटा किसी तरह गेट खोलकर बाहर निकलने में सफल हो गया।मौत की खबर लगते ही प्लांट से लेकर घर तक कोहराम मच गया। घटनास्थल पश्चिम बंगाल से चास क्षेत्र के आसपास का है। इस कारण पोस्टमार्टम वहीं हो गया है। अंतिम संस्कार पटना में किया जाएगा।सीआरएम के डीजीएम मुनेंद्र कुमार शुक्रवार रात करीब 10 बजे तक सेक्टर 4 पूजा पंडाल में परिवार सहित घूमने गए थे । वहां से आने के बाद बेटी और पत्नी को घर पर छोड़कर बेटे को लेकर चास पूजा पंडाल घूमने के लिए गए। रात करीब 12 बजे चास रोड पर कार अनियंत्रित हुई और तालाब में चली गई।बोकारो से करीब 35 किलोमीटर दूर हुए हादसे की खबर से घर में कोहराम मच गया था। करीब 45 वर्षीय डीजीएम की मौत पर बीएसएल आफिसर्स एसोसिएशन ने भी शोक व्यक्त किया है। अध्यक्ष ए के सिंह ने संवेदना व्यक्त किया है।बोकारो आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ए के सिंह का कहना है कि हमारे सहकर्मी मुनेंद्र कुमार के आकस्मिक निधन की खबर सुनकर वाकई बहुत दुख हुआ। यह क्षति हम सभी के लिए बहुत बड़ा सदमा है।हम इस कठिन समय में उनके परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। हमने एक दयालु मित्र और एक अच्छे इंसान को खो दिया है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके प्रियजनों को सांत्वना दें।

### समाहरणालय कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन ,

- **42 मामलों की सुनवाई, ऑन स्पॉट कई मामलों का किया निष्पादन**

**बोकारो ।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार सोमवार को उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की भीड़ उमड़ी थी।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 42 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, कृषि ऋण माफी, स्थापना शाखा,अबुआ आवास, राजस्व संबंधित विवाद, श्रम विभाग आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

मौके पर जिला नजारत उप समाहर्ता वंदना शेजवलकर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### महिला से सोने की चेन छिनतई में दो पुरुष सहित चार महिलाएं गिरफ्तार

**बोकारो ।** बोकारो के चास थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मशाला मोड़ स्थित जगदम्बा मंदिर में एक वृद्ध महिला के गले से सोने की चेन छिनतई किया गया मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए 47 वर्षीय कैलाश कृष्णा नामक व्यक्ति को पकड़ कर स्थानीय पुलिस को सूचना दी। आरोपी कैलाश पश्चिम बंगाल के बेंडिल थाना क्षेत्र का निवासी है।चास थाना पुलिस ने कैलाश कृष्णा से पूछताछ के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए धनबाद के कोलफील्ड होटल में छापेमारी की, जहां पता चला कि घटना में शामिल चार महिलाएं और एक पुरुष सफेद रंग की स्कॉर्पियो में बोकारो की ओर रवाना हो चुके हैं। पुलिस ने उनका पीछा करते हुए चास ब्लॉक के सामने मुख्य सड़क पर एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान उक्त वाहन को रोका। स्कॉर्पियो की तलाशी के दौरान उसमें सवार चार महिलाएं और एक चालक को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से दो सोने जैसी चेन, एक छोटा कटर (कैंची) और छह मोबाइल फोन बरामद किए गए। प्रशासन के द्वारा घटना का पर्दाफाश करने से , इलाके में सुरक्षा को लेकर जागरूकता और भरोसा कायम हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्तों में कैलाश कृष्णा ,शिबेन राय सहित चार महिलाओ को गिरफ्तार किया गया ,इस छापामारी टीम में चास थाना प्रभारी खुर्शीद आलम चास महिला थाना प्रभारी सुनिला लिण्डा सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद थे ।

# विजयादशमी के दिन सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बोकारो ।**

बोकारो में विजयदशमी के दिन सड़क हादसे में मौत हो गयी है. घटना शनिवार सुबह बोकारो रामगढ़ मुख्य मार्ग पर उकरीद मोड़ के पास की है. मृतक के पहचान रजनीकांत राय के रूप में हुई. मृतक दूध बेचने का काम करता था. दुर्घटना के बाद लोगों ने मुख्य सड़क को जाम कर दी थी. प्रशासन के द्वारा समझाने के बाद जाम हटा ,जानकारी के मुताबिक मृतक रजनीकांत राय बोकारो के गौपालक बारी कॉपरेटिव का रहने वाला था. शनिवार सुबह वह उकरीद मोड़ के पास स्थित सुधा डेयरी से दूध देकर साइकिल से घर लौट रहा था. इस दौरान पीछे से आ रही ट्रेलर ने धक्का मार दिया जिसके कारण वह गिर पड़ा और उसकी मौत हो गयी. हादसे के बाद लोगों ने मुख्य सड़क मार्ग को जाम कर थी ।सड़क जाम कर रहे लोगों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे थे . दूसरी तरफ पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है. बताया जाता है कि वह दूध बेचकर ही अपने परिवार का भरण पोषण करता था. खबर लिखे जाने तक पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रही है. सड़क जाम होने से वाहनों की लंबी कतार लग गयी है. राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. वहीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

# वर्तमान कार्यकारिणी समिति गठन को अमान्य घोषित कर नए समिति का होगा निर्माण



**बोकारो।**

बोकारो में मिथिला-मैथिली भाषा-भाषियों की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की आमसभा रविवार को परिषद द्वारा संचालित सेक्टर 4ई स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के पूर्व महासचिव एवं बीएसएल के सेवानिवृत्त वरिष्ठ सतर्कता पदाधिकारी सतीश चंद्र झा ने किया ,इस बैठक के दौरान सांगठनिक सशक्तिकरण, संस्थाहित तथा विद्यालय के उत्थान में आवशयक बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया, साथ ही ध्वनिमत से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।बैठक में विभिन्न वक्ताओं ने परिषद, मिथिला समाज तथा विद्यालय के हित में उठाए जाने वाले आवशयक कदमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके पश्चात सर्वसम्मति से परिषद की वर्तमान कार्यकारिणी समिति के गठन को अमान्य घोषित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया, क्योंकि उक्त कार्यकारिणी का गठन नियमानुसार न तो पीठासीन पदाधिकारी मंडल की सहमति से हुआ था और न ही उसकी स्वीकृति आमसभा से ली गई थी। इसके लिए अब पीठासीन पदाधिकारी मंडल द्वारा महासचिव नीरज चौधरी के साथ मिलकर नई एवं वैध कार्यकारिणी का गठन करने एवं उसे आमसभा से अनुमोदित कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। उपस्थित लगभग 100 सदस्यों ने ध्वनिमत से ताली बजाकर इस पर अपनी सहमति जतायी।आमसभा की बैठक में परिषद के वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर द्वारा विद्यालय में हुई कथित वित्तीय अनियमितता के उठाये गए मामले की जांच को लेकर पांच सदस्यीय एक समिति के गठन का प्रस्ताव भी पारित किया गया, जिसमें अध्यक्ष सतीश चंद्र झा सहित सुदीप कुमार ठाकुर, डीके ईश्वर, दिलीप कुमार झा एवं जयप्रकाश चौधरी शामिल किए गए। इसके साथ ही उक्त सभी निर्णयों के अनुमोदन एवं अन्य विषयों पर विचार-विमर्श को लेकर के परिषद की अगली आमसभा आगामी 20 अक्टूबर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा आगामी 16 अक्टूबर को मिथिलांचल का प्रमुख पारम्परिक त्योहार कोजागरा महोत्सव मनाने का निर्णय भी लिया गया, जिसके लिए 10 सदस्यों की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का भार अरुण पाठक को दिया गया।इसके पूर्व, बैठक के आरंभ में परिषद के महासचिव नीरज चौधरी ने आमसभा में उपस्थित सभी अभ्यागतों का स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पीठासीन पदाधिकारी मंडल के संयोजक विजय कुमार झा ने बैठक का विषय-प्रवेश कराया, वहीं वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर ने विद्यालय प्रबंधन समिति की कथित वित्तीय गड़बड़ी को आमसभा के पटल पर प्रस्तुत किया। बैठक को कृष्ण चंद्र झा, सुदीप कुमार ठाकुर, रवीन्द्र झा, गंगेश पाठक, सुनील मोहन ठाकुर, विनय कुमार झा, श्रवण कुमार झा, अनिल मोहन ठाकुर आदि ने भी संबोधित किया। जबकि, इस अवसर पर मुख्य रूप से परिषद के पूर्व महासचिव राजेंद्र कुमार, बटोही कुमर, पीठासीन पदाधिकारी मंडल के डॉ. दुर्गानंद मिश्रा, प्रो. जयराम झा सहित जेपी चौधरी, मिहिर कुमार झा राजू, दुर्गाचरण चौधरी, सुभद्र चौधरी, हरिश्चंद्र झा, गोविंद कुमार झा, चंद्रकांत मिश्रा, इंद्र कुमार झा, अविनाश झा अवि, श्रीमोहन झा, विश्वनाथ झा, रमण कुमार ठाकुर, संजय चौधरी, प्रकाश झा, विमलकांत झा, मनोज कुमार झा, मिंटू झा, संतोष कुमार मिश्र, रोशन कुमार तरुण आदि उपस्थित थे।

न्यूज़ अपडेट

## डॉ. ए.के.गुप्ता की पुस्तक चाइल्डहुड चैलेंजेस द होम्योपैथिक अप्रोच का स्पेन में अंतर्राष्ट्रीय होम्योपैथिक कांग्रेस में विमोचन किया गया

**किशनगंज।** डॉ. ए.के. गुप्ता ने सन पब्लिशिंग न्यूयॉर्क, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित अपने नवीनतम साहित्यिक योगदान, ₹बचपन की चुनौतियाँ - होम्योपैथिक दृष्टिकोण₹ की शुरुआत की। यह पुस्तक माता-पिता और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए एक अमूल्य संसाधन होने का वादा करती है, जो बच्चों के व्यवहार संबंधी मुद्दे से निपटने के लिए वर्षों के शोध और अनुभव पर आधारित अंतर्दृष्टि और समाधान पेश करती है। यदि शुरुआती चरण में इलाज नहीं किया गया तो वयस्कता में व्यक्तित्व विकार हो सकता है। एडीएचडी और ऑटिज्म के अलावा शिशुओं की समस्याएं जैसे अत्यधिक रोना से लेकर किशोरावस्था में आपराधिक गतिविधियां जैसी समस्याएं शामिल हैं। क्लिनिकल मामलों पर एक अध्याय बच्चों के उन परेशान करने वाले मुद्दों को संभालने के लिए उपचार के दृष्टिकोण को दर्शाता है।



पुस्तक की कीमत 250 रूपये है; $4.99

## दुर्गा पूजा के उपलक्षय में रुपनि गांव को मिला दुर्गा मंदिर जाने वाली सड़क का तोहफा

**किशनगंज।** बहादुरगंज प्रखंड के दुर्गापुर बंगामा पंचायत अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क से रुपनी दुर्गा मंदिर जाने वाली पीसीसी सड़क का उदघाटन जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि इमरान आलम, मुखिया गिरजानंद सिंह, पैक्स चेयरमैन अबु नसर, समिति प्रतिनिधि प्रकाश कुमार, सरपंच फौजी, वार्ड सदस्य अब्दुर रहमान, एवं श्री लाल ने संयुक्त रूप से किया। पंचम राज वित्त आयोग प्रतिनिधायन मद , जिला परिषद अंश से लगभग 13 लाख की लागत से सड़क का निर्माण किया गया। ये सड़क वर्षों से उपेक्षित था। पार्षद प्रतिनिधि इमरान आलम ने कहा की पिछले वर्ष दुर्गापूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने मुझसे दुर्गामंदिर तक सड़क निर्माण का मांग किया था। श्रद्धालुओं की मांग एवं जनहित को देखते हुए मैंने समय पर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करवा दिया।



सड़क निर्माण होने से जनता में खुशी का माहोल है, ग्रामीणों ने शुक्रिया अदा किया। इस दौरान सोनाई साह, गोपाल, गुड्डु, साहब बाबू, नाजिम आलम, नूर हसन, जुल्फेकर इत्यादि दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पत्रकार उत्पीडऩ के विरोध में पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल डीएसपी से मिला

**श्रमबिंदु /धनबाद** ।एस एस पी एच पी जनार्दन के अनुसार सिन्दरी डी एस पी से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल को एस एस पी एच पी जनार्दन ने कहा कि मैं सिन्दरी डी एस पी को कह दिया हूं आप लोग उनसे मिले।

ज्ञात रहे कि पत्रकार फरीद अहमद के साथ लगातार घटी घटना को लेकर धनबाद प्रेस क्लब के महासचिव अजय प्रसाद, कतरास प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजित पासवान, पत्रकार सह लेखक जनकदेव जनक, अजीत सिंह, शंकर झा, बिल्लु ,राजा आदि ने एस एस पी से मिलने के लिए निकले इसी बीच एस एस पी ने दूरभाष पर पत्रकारों को कहा कि आप लोग सिन्दरी डी एस पी से मिले मैं फोन कर दिया हूं।

उसके बाद पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल सिन्दरी डी एस पी से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया ।

सिन्दरी डी एस पी द्वारा उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया ।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी गई विदाई

**श्रमबिंदु /धनबाद** ।**बलियापुर** , प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा का बलियापुर प्रखंड से दुमका जिला के रानेश्वर प्रखंड में स्थानांतरण होने पर आज प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण महतो ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बीपीओ विशाल कुमार, रवि चौरसिया, अजय पासवान, नीरज कुमार, जलेश्वर दास, नलिन कुमार, प्रीति कुमारी, चंचला कुमारी, विनीता कुमारी, गौरी कुमारी आदि प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।




## धनबाद के भूली बायपास में रखअर ब्लड सेंटर का शुभारंभ

**धनबाद** ।धनबाद के पांडरपला भूली बायपास नियर विनोद चौक के समीप रखअर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में रखअर ब्लड सेंटर का शुभारंभ हुआ।

जहाँ 'हयूमैनिटी हेल्पिग हैंड्स के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल एवं केंद्रीय सदस्य अमित रवानी के नेतृत्व में 'मैनिटी टीम के सक्रिय सदस्य शिबू मंडल और करण रवानी ने सजस ब्लड बैंक का आज पहला दिन को रक्तदान-महादान किया।




मोके पर रक्तदान करने वाले सदस्य को अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, ललिता चौहान, सुदीप पांडेय, गौतम कुमार मंडल के द्वारा सम्मानित किया गया।

## मरीज की मौत के बाद एसएनएमएमसीएच मेंहुआ हंगामा, पुलिस ने संभाला मोर्चा



**श्रमबिंदु /धनबाद** ।जिले के सबसे बड़े अस्पतालों में शुमार शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। जहां एक मरीज की मौत के बाद परिजन उग्र हो उठे और अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा शुरू कर दिया।

## गोविंदपुर देवली फुटबॉल मैदान में उमड़ा अल्पसंख्यकों का जनसैलाब

# हिदायतुल्लाह खान ने कहा फिर बनेगी हेमंत सोरेन की सरकार

संवाददाता।

**धनबाद।** झारखंड मुक्ति अल्पसंख्यक मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन देवली फुटबॉल मैदान में हुआ, जिसमें भारी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मंत्री हफीजुल हसन, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। दोनों नेताओं ने झारखंड में सोरेन सरकार की नीतियों को आगे भी जारी रखने और बेहतर से बेहतर तरीके से आमजनों को इन नीतियों का लाभ देने का वादा किया। इस दौरान नेताओं ने भाजपा पर जमकर प्रहार किया और कहा कि लगातार साजिश रचकर भाजपा सत्ता में आना चाहती है, लेकिन झारखंड की जनता ने भाजपा को नकार दिया है। कार्यक्रम में दलगत राजनीति से हटकर मुस्लिम समाज के प्रमुख नेता, समाजसेवी, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य आदि शामिल हुए। इसी बहाने अल्पसंख्यक समाज ने सिंदरी सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी देने पर जोर दिया। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि चुनाव के समय भाजपा ने केंद्र के कई मंत्रियों और मुख्यमंत्री को झारखंड में लगा दिया है, परंतु जनता सब कुछ समझती है और सरकार गठबंधन की ही बनेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी किए हैं। विभिन्न योजनाओं को जमीन पर उतारा है। इसका लाभ गठबंधन को मिलेगा। उन्होंने गठबंधन के सभी दलों के नेताओं से एकजुट होकर विधानसभा चुनाव लड़ने और भाजपा को परास्त करने की अपील की। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि भाजपा हिंदू मुस्लिम, जात पात और बाहरी भीतरी की राजनीति कर रही है जो अब नहीं चलेगी। यहां की जनता हेमंत सोरेन को द्वा-रा मुख्यमंत्री बनाने की ठान चुकी है। महतो ने कहा कि गठबंधन पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान ने सभी दलों से एकजुट होकर भाजपा को औकात बताने की अपील की। कहा कि मुख्यमंत्री को तरह-तरह से प्रताडित कर भाजपा डराना चाहती थी, लेकिन अब जनता भाजपा को उसके किए की सजा देगी। केंद्रीय सदस्य अमितेश सहाय ने कहा कि पार्टी सिंदरी से जिसे भी सिपाही बनाकर भेजेगी, उसे सभी मिलकर विजयी बनाएंगे। केंद्रीय सदस्य अशोक मंडल ने पार्टी की जीत के लिए एड़ी चोटी एक करने की अपील की। जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि झारखंड में फिर हेमंत सोरेन सरकार की वापसी तय है। कार्यक्रम संयोजक जिला सचिव मन्नू आलम ने सभी का स्वागत किया और कहा कि सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के अल्पसंख्यक पार्टी के साथ है। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुखिया अख्तर अंसारी एवं प्रखंड अध्यक्ष मुखिया मेराज अंसारी ने कहा कि सिंदरी अल्पसंख्यक बहुल विधानसभा क्षेत्र है. क्षेत्र की जनता यहां से अल्पसंख्यक प्रत्याशी मांग रही है। पार्टी को इस पर विचार करना चाहिए। सभा को अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य बरकत अली, जिप सदस्य हसीना खातून एवं मीना हेंब्रम, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, संगठन सचिव एजाज अहमद, जिप सदस्य एवं कांग्रेस नेता सोहराब अंसारी, नीलम मिश्रा, मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष गयासुदीन अंसारी, अताउल्लाह अंसारी, मोकिम अंसारी, मो सलाउद्दीन, फतेह अली अंसारी, फारूक अंसारी, बेलाल अंसारी, पैगाम अली, सिराज काजी, तस्लीम अंसारी, प्राण चंद्र सोरेन, शांतिराम रजवार, मसूद आलम, बेलाल अंसारी, महादेव मंडल, रतिलाल टुडू, अनीस अंसारी, तारीक अंसारी, माथुर अंसारी, शरीफ शाह आदि ने संबोधित किया। इसमें पूरे क्षेत्र से बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने भाग लिया।





## 22वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए मजदूर नेता नगीना पासवान

### विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने पुष्प अर्पित कर किया नमन

श्रमबिंदु /धनबाद।

सोमवार को झरिया के मजदूर नेता नगीना पासवान की 22वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, नगीना पासवान के पुत्र कृष्णा पासवान, जितेंद्र पासवान, दलित सेना के अध्यक्ष दिनेश पासवान समेत कई लोगों ने झरिया के बस्ताकोला गौशाला मोड पर लगे मजदूर नेता नगीना पासवान की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर पहुंची झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहां कि नगीना पासवान मजदूर मसीहा थे। उन्होंने गरीब शोषित मजदूरों की आवाज हमेशा बुलंद की और मजदूरों को न्याय दिलाने का काम किया। आज हम सब उन्ही के बताए मार्गो पर चल कर मजदूरों की सेवा में जुटे हैं। नगीना बाबू हम सभी के अभिभावक समान थे। वह हमेशा हम सभी के प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। इधर मजदूर नेता नगीना पासवान के पुत्र कृष्णा पासवान ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब मजदूरों पर प्रबंधक दमनकारी नीति अपनाते थे उस समय मजदूरों को हक दिलाने उनकी सुरक्षा प्रदान करने समेत कई कार्य के लिए नगीना बाबू हमेशा संघर्ष करते रहे । 1990 के समय जब बीसीसीएल समेत अन्य कोलियरियों में मजदूरों की घोर कमी थी तो इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से मांग कर लगभग 8 हजार रिक्त पदों को भरवाने का काम किया। नगीना पासवान के मित्र रहे बस्ताकोला के पूर्व मुखिया रामबालक सिंह ने कहा आज अगर नगीना पासवान होते तो बीसीसीएल प्रबंधक इस तरह मजदूरों पर मनमानी नहीं करते।



## रणधीर वर्मा चौक पर सैकड़ो की संख्या में आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाओं का धरना प्रदर्शन

### विगत 5 अक्टूबर से राज्य भर की आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाएं अनिश्चित हड़ताल पर है

श्रमबिंदु /धनबाद।

दुर्गा पूजा सम्पन्न होने के बाद एक बार फिर से झारखंड की आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाओं का आंदोलन चरम पर है। पिछले 5 अक्टूबर से राज्य भर की आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाएं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।सोमवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाओं का जुटान हुआ।धरना प्रदर्शन के माध्यम से इन्होने अपनी आवाज को बुलंद किया।राज्य कर्मचारी घोषित करने की मांग समेत सेवा शर्त नियमावली में आवश्यक संशोधन करते हुए समय पर मानदेय वार्षिक वृद्धि का लाभ दिया जाए।

सहायक अध्यापक के तर्ज पर सेविका सहायिकाओं के लिए मानदेय का प्रावधान किया जाए. मानदेय का केंद्रीय एवं राज्य के अंश का भुगतान एक साथ प्रति माह नियमित समय पर किया जाए आदि मांगे है।



## विधायक पूर्णिमा ने वृध्दा आश्रम का किया शिलान्यास

श्रमबिंदु / धनबाद।

झारखंड समाज कल्याण समिति के द्वारा परसाटांड वृद्धा आश्रम की नीव रखी गई। इस कार्यक्रम में माननीयझरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। समिति के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक उमा चरण रजवार एवम् झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने संयुक्त रूप से वृद्धा आश्रम के निर्माण के लिए रखा।

समिति के 21 वर्ष पूरे होने पर वृद्ध माताओं सर्व श्रीमती भाभी देवी, प्रभा देवी, विमला वर्मा, एवम् बच्ची देवी को माला पहना कर एवम् शाल ओढ़ाकर श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक उमा चरण रजवार, संचालन समिति के महासचिव श्रीकान्त अम्बष्ट एवम् धन्यवाद ज्ञापन समिति के वरीय उपाध्यक्ष संजय तिवारी ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने समिति के क्रिया कलापों की भू-री भूरी प्रसंशा करते हुए कहा की समिति द्वारा वृद्धा आश्रम निर्माण में हर संभव सहयोग करने को कहा तथा वृद्ध माता -पिताओं को संतान की मानसिकता को बदलना होगा।समिति के अध्यक्ष ने कहा की देव तुल्य माता - पिता के आवश्यक जरूरत को पूरा करना ही तीर्थ/धाम यात्रा के बराबर है।

कार्यक्रम में निम्न लोग उपस्थित थे।

शिव चरण शर्मा, प्रदीप कुमार गुप्ता, उमेश तिवारी, विकाश कुमार वर्मा, संजय प्रसाद वर्मा, लखन लाल साव, कृष्ण कुमार साव, निरंजन माली विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, हलधर सिंह, राम कृष्ण पाठक, अरुण सिंह, बबलू सिंह, अमन गुप्ता, पंकज कुमार सिंह, अशोक गागर, शर्मिला बावरी,सावित्री देवी, गंगा देवी, रीता साधु, उर्मिला देवी आदि उपस्थित थे।




बेदखल

मैं राधेश्याम अग्रवाल भुरकुंडा बाजार भुरकुंडा रामगढ़ का रहने वाला हूं मैंने अपने बेटे विवेक अग्रवाल और बहु सुमन अग्रवाल को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति और घर से दिनांक 28/9/2024 से कोर्ट के माध्यम से बेदखल कर दिया है। मैं घोषणा करता हूं कि आज के बाद इन दोनों का हक किसी भी प्रकार से मेरी अर्जित संपत्ति में नहीं रहेगा ।

» ह-राधेश्याम अग्रवाल

## धनबाद में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेलाः विभिन्न नियोजकों द्वारा कुल - 54 आवेदकों को किया गया शॉर्ट-लिस्ट

श्रमबिंदु /धनबाद ।

14 अक्टूबर को अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर, बरटाँड़, धनबाद द्वारा गुरु नानक कॉलेज, बरमसीया, धनबाद मे प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 2024 का आयोजन किया गया। आज के आयोजन में आनन्द कुमार, नियोजन पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा प्राचार्य, डॉ० संजय प्रसाद, गुरु नानक कॉलेज, बरमसीया, धनबाद को स्वागत पौधा दिया गया। आनंद कुमार, नियोजन पदाधिकारी, धनबाद, राकेश कुमार, प्राचार्य, आईटीआई, गोविंदपुर एवं डॉ० संजय प्रसाद, प्राचार्य, गुरु नानक कॉलेज, बरमसीया, धनबाद द्वारा संयुक्त रूप से अप्रेंटिसशिप मेला का शुभारंभ किया गया

सर्वप्रथम आनंद कुमार, नियोजन पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया एवं Apprenticeship Act 1961 के अंतर्गत राज्य के निबंधित 30 एवं 30 से अधिक कामगारों वाले (Including Contractual) (MSME/ Manufacturing Sector/ Service Sector) एवं अन्य सभी प्रकार के प्रतिष्ठान/ उपक्रम यथा होटल / रेस्टोरेन्ट/ शॉपिंग मॉल/ हॉस्पिटल/ कोचिंग सेंटर/ ओर्थोराईज्ड सर्विस सेंटर/ बैंक इत्यादि द्वारा तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई०टी०आई०/ डिप्लोमा/ इंजीनियरिंग/ Short Term Skill) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नातक आदि) को Designated/ Optional व्यवसायों में 2.5-15 प्रतिशत बैण्ड में प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है, जबकि 4 से 29 कामगारों वाले प्रतिष्ठानों हेतु यह वैकल्पिक है






प्राचार्य, डॉ० संजय प्रसाद, गुरु नानक कॉलेज, बरमसीया, धनबाद ने अपने भाषण में बताया कि अप्रेंटिसशिप एक प्रकार का ट्रेनिंग कार्यकाल होता है जिसमें अभ्यर्थी को औद्योगिक कार्य के लिए प्रशिक्षित किया जाता है इस कार्यालय के दौरान व्यक्ति एक सामान्य वर्कर की तरह कार्य करता है

इस प्रोग्राम का सबसे बड़ा लाभ यह है कि उसमे अभ्यर्थी को उद्योग के बारे में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान मिलता है जिनकी मदद से उसके कार्य कौशल में निखार आता है प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थी को Stipend भी दी जाती है

अभ्यर्थी को अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु (www.apprenticeshipindia.gov.in) पर अपना रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है इसी प्लेटफॉर्म पर अनेक अनियोजक भी पंजीकृत होते है एवं योग्यता तथा रिक्तियों के आलोक में Apprentices के साथ Contract करते है

अंत में नियोजन पदाधिकारी, धनबाद द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए मेला की समाप्ति की गई।

इस अप्रेंटिसशिप मेला में 09 नियोजकों ने अपनी उपस्थिती दर्ज कराई तथा लगभग - 225 आवेदक/ आवेदिकाओं ने भाग लिया जिसमे विभिन्न नियोजकों द्वारा कुल - 54 आवेदकों को शॉर्ट-लिस्ट किया गया

अप्रेंटिसशिप मेला में आनन्द कुमार, नियोजन पदाधिकारी, धनबाद के अतिरिक्त राकेश कुमार, प्राचार्य, आईटीआई, गोविंदपुर, सूरज कुमार, उच्च वर्गीय लिपिक, प्रशान्त गोयल, संजय कुमार साव एवं कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com